पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 21 ◆ अंक - 23 ◆ रायपुर 05 जून 2025 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### साय कैबिनेट का फैसला, 14 से 25 जून तक होंगे तबादले

# 2025 तबादला नीति को मंजूरी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में 9 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसमें प्रशासनिक सुधार, संस्कृति, खेल, आवास और पर्यटन से जुड़े फैसले शामिल हैं। बैठक में 2025 नई तबादला नीति को भी मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही मीटिंग में कई नामों को बदलने के प्रस्ताव भी पारित किए गए हैं। इसमें ग्राम पंचायत दामाखेड़ा का नाम बदलकर कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा कर दिया गया है। वहीं आदिवासी क्षेत्रों में नई होम-स्टे नीति को भी मंजूरी दी गई है।

### नई ट्रांसफर नीति के तहत कर्मचारी कर सकेंगे आवेदन

छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारी नई ट्रांसफर नीति के तहत 6 जून से 13 जून तक आवेदन कर सकते हैं। जिला स्तर पर 14 से 25 जून तक प्रभारी मंत्री की अनुमति मंजूरी मिलेगी। वहीं राज्य स्तर पर विभागीय मंत्री की मंजूरी से ट्रांसफर होंगे। इस नीति में दो साल की न्यूनतम सेवा जरूरी होगी। गंभीर बीमारी, दिव्यांग या रिटायरमेंट से पहले एक साल बाकी रहने पर विशेष छूट मिलेगी। सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर जैसे जिलों में खाली पदों को भरने के लिए स्पेशल फोकस रहेगा।



### नवा रायपुर में कलाग्राम की स्थापना

*छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए नवा रायपुर में 10 एकड़ जमीन पर कलाग्राम बनाया जाएगा। यहां शिल्पकार, लोक कलाकार और परंपरागत कारीगर अपनी कला का प्रदर्शन कर सकेंगे। इसके साथ ही नवा रायपुर में ही राष्ट्रीय स्तर की तीरंदाजी अकादमी बनाने के लिए 13.47 एकड़ जमीन खेल विभाग को दी जाएगी।*

### किफायती जन आवास नियम 2025 को स्वीकृति

सरकार ने शहरों में निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों को सस्ते भूखंड उपलब्ध कराने के लिए किफायती जन आवास नियम 2025 को भी मंजूरी दी। इससे लोगों को सुव्यवस्थित कॉलोनियों में जमीन मिलेगी और अवैध प्लाटिंग पर रोक लगेगी। मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों व्यक्ति एवं संगठनों को सम्मानित करने के लिए युवा रत्न सम्मान योजना शुरू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है. इस योजना के तहत युवा कल्याण के क्षेत्र में असाधारण और विशिष्ट सेवा कार्य करने वाले व्यक्ति अथवा स्वैच्छिक संगठनों को ''छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान'' से सम्मानित किया जाएगा. छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान हर वर्ष राज्य के एक युवा और एक स्वैच्छिक संस्था को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया जाएगा. इसमें युवा को पदक, प्रमाण पत्र, शॉल और अधिकतम 2.50 लाख रूपए, जबकि संस्था को अधिकतम 5 लाख रूपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी.

इसके साथ ही सामाजिक, साहित्य, नवाचार, शिक्षा, खेल, पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास, मीडिया, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कला-संगीत तथा लोककला के क्षेत्र में ''युवा रत्न सम्मान'' प्रदान किया जाएगा. युवा रत्न सम्मान प्रत्येक वर्ष उपरोक्त क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए चयनित एक-एक युवाओं को प्रदान किया जाएगा।

### छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान योजना की शुरुआत

*राज्य सरकार ने युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान योजना शुरू करने का निर्णय भी लिया है। इस योजना के तहत हर साल राज्य के एक युवा और एक संस्था को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार दिया जाएगा।*

### छत्तीसगढ़ होम-स्टे नीति 2025- 30 को मंजूरी

*खेल प्रशिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्था पटियाला से डिप्लोमा की अनिवार्यता को एक साल के लिए शिथिल किया गया है। ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ होम-स्टे नीति 2025-30 को मंजूरी दी गई है।*

## छत्तीसगढ़ में हस्तशिल्प विकास की अपार संभावना- मुख्यमंत्री साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड की नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हस्तशिल्प विकास की अपार संभावनाएं हैं। यहां की कलाकृतियों की मांग विदेशों तक है। छत्तीसगढ़ के हस्तशिल्प उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने और हस्तशिल्पियों को उनके हुनर की उचित कीमत दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने हस्तशिल्पियों को औजार उपकरण योजना अंतर्गत पाँच पांच हजार रुपये की अनुदान राशि का वितरण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ शिल्प विकास बोर्ड की नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत को पदभार ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड शिल्पकारों की बेहतरी के लिए कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक इलाके में हस्तशिल्पी बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। सुशासन तिहार के दौरान मुझे कोंडागांव के शिल्पग्राम जाने का मौका मिला। वहाँ मैंने शिल्पकारों से मुलाकात की और उनकी कला को करीब से देखा। इसी प्रकार रायगढ़ के एकताल में भी शिल्पकार धातु से कलाकृतियाँ बनाते हैं। बस्तर में काष्ठशिल्प से लकड़ी की सुंदर आकृतियाँ बनाई जाती हैं।

### मुख्यमंत्री ने स्टॉलों का किया निरीक्षण, हितग्राहियों को किया सामग्री का वितरण

# सुशासन तिहार जनता की समस्याओं के समाधान का अभियानः मुख्यमंत्री साय

**रायपुर।** रिमझिम बारिश के बीच धमतरी के समाधान शिविर में पहुंचे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नागरिकों की मांग पर 213 करोड़ रूपए की लागत के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने हाईटेक बस स्टैण्ड, अत्याधुनिक ऑडिटोरियम और तीन सड़कों के निर्माण की मंजूरी दी। आज जनता की समस्याओं के समाधान के लिए मिशन मोड में प्रदेश भर में पिछले 54 दिनों से संचालित सुशासन तिहार का आज धमतरी के पुराने कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित इस समाधान शिविर और समीक्षा बैठक के बाद समापन हो गया।







मुख्यमंत्री श्री साय ने धमतरी के समाधान शिविर में आमजनों से योजनाओं की मैदानी स्थिति की जानकारी ली और व्यक्तिगत रूप से आवेदनों के समाधान की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न शासकीय स्टालों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रिमझिम बारिश के बावजूद जनसमूह का उत्साह देखते ही बनता था। कमल के फूलों के हार के साथ हजारों की संख्या में नागरिकों ने मुख्यमंत्री का जोशिला स्वागत किया।

### सुशासन के मायने अच्छा शासन

*मुख्यमंत्री ने समाधान शिविर को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुशासन का अर्थ है -अच्छा शासन। 'सुशासन तिहार' आपकी समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित त्योहार है। 8 अप्रैल से शुरू हुए इस महाअभियान के प्रथम चरण में राज्य के प्रत्येक जिले में ग्रामीणों से आवेदन लिए गए, दूसरे चरण में आवेदनों पर कार्यवाही की गई और तृतीय चरण में 08 से 10 ग्राम पंचायतों के बीच समाधान शिविरों का आयोजन कर आवेदनों के निराकरण की जानकारी हितग्राहियों को दी गई।*

# एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर सांसद रूपकुमारी व शिवरतन ने व्याख्यान माला में सारगर्भित उदबोधन करते हुये इसे राष्ट्र हित में बताया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** स्थानीय माहेश्वरी भवन मे एक राष्ट एक चुनाव को लेकर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमे महासमुंद क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चैधरी विशेष रूप से शामिल हुई। उक्त व्याख्यान माला मे उन्होने कहा कि एक देश एक चुनाव राष्ट को विकसित बनाने की दिशा में कारगर होगा। देश को हर साल चुनाव करवाने की झंझट से मुक्ति मिलेगी वहीं वित्तीय बोझ भी कम होगा रुपकुमारी ने आगे कहा की एक राष्ट एक चुनाव का उद्देश्य मतदाताओं के लिये सुविधा और आसानी सुनिश्चित करना होता है मतदान प्रतिशत में वृद्धि होती हैं आर्थिक स्थिरता और विकास में वृद्धि होती है। चुनाव नीतिगत निष्क्रियता को रोकता है। सरकारी खजाने पर वित्तीय बोझ कम होगा वहीं चुनाव से जुड़े विवादो में भी कमी आएगी। उक्त अवसर पर भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि देश को अब एक साथ चुनाव की जरूरत है हर साल कहीं न कहीं चुनाव होते हैं इससे प्रशासन पर बोझ बढ़ता है। विकास कार्य रुकते हैं बार-बार आचार संहिता लगने से योजनाएं अधर में लटक जाती हैं, शासन- प्रशासन का सामान्य कामकाज भी प्रभावित होता है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे तो समय और खर्च दोनों की बचत होगी। जनप्रतिनिधि पूरे कार्यकाल में जनता की सेवा कर सकेंगे। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि 1952 से 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते थे। बाद में कुछ राज्यों में विधानसभा समय से पहले भंग होने से यह सिलसिला टूट गया। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव से दीर्घकालिक नीतियां प्रभावित होती हैं एक साथ चुनाव से सरकारों को स्थिरता मिलेगी। कार्यक्रम मे व्यवसायी सुभाष भट्टर, जिलाध्यक्ष आनंद यादव व अधिवक्ता सुरेश यदु ने भी अपने विचार व्यक्त किये। उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, पूर्व विधायक सनम जांगड़े, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, बब्बू मुंधड़ा, महिला आयोग सदस्य लक्ष्मी वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, भाजयुमो सुनील यदु, आशीष जायसवाल, गिरधर गोविंदानी, मुकेश सोनी व कमलेश कुकरेजा सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण, प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिक, पार्टी पदाधिकारी एवं विभिन्न पार्टियों के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# यादव समाज का सम्मान समारोह संपन्न



**भाटापारा।** स्थानीय नगर भवन मे यादव समाज का भव्य सम्मान समारोह संपन्न हुआ जिसमे विधायक द्वारिकाधीश यादव, रामकुमार यादव, महापौर रामनरेश यादव के अलावा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा एवं देवनारायण यादव, संदीप यदू, दिवाकर यादव, किरण यदू, अनूप यादव, गोविंद यादव, सुलोचना यादव, सविता यादव, धनमती यादव, भीम यादव, ललिता यादव, प्रतिमा यादव, रिमा यादव, लिखीराम, भुनेश्वरी यादव, गोविंद यादव, महेश यादव, महेन्द्र यादव, जितेन्द्र यादव, बद्री यादव, निर्मला यादव, सरोज यादव, गीता यादव, कृष्ण यादव, त्रिलोक यादव, विजय यादव, जगन्नाथ यादव, सुशीला यादव, मोहन यादव, भरत यादव, उत्तम यादव, ओमप्रकाश यादव, सतीश यादव, मोती यादव, आशीष यादव, बालेश्वर यादव व नरेन्द्र यादव सहित विभिन्न पदो पर आसीन अन्य यादवो का सम्मान किया गया। उक्त अवसर पर विधायक रामकुमार यादव, गजेन्द्र यादव व द्वारिकाधीश यादव ने सामाजिक एकता पर बल देते हुये समाज को आगे ले जाने की बात कही उन्होने यादवो के बीच आपसी भाईचारा बढाते सामाजिक एकता कायम करने व शिक्षा पर जोर देने की बात कहते हुये समाज हित मे सभी को काम करने का आव्हान किया। कार्यक्रम मे रमेश यदू ने समाज को संगठित करने पर बल देते हुये सामाजिक कुरीतियो एवं बुराई को खत्म करने पर जोर दिया वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि यादव समाज कृष्ण का वंशज है उस समाज मे शिक्षा और जागरूकता की जो ज्योत जलाई है उसे आगे बढाने के लिये आगे भी सामाजिक एकता के साथ आगे बढने कहा। कार्यक्रम मे आभार प्रदर्शन सुरेश यदू ने किया। कार्यक्रम मे बडी संख्या मे यादव समाज के विभिन्न लोग उपस्थित थे।

# समाधान शिविर का उद्देश्य समस्याओं को खत्म करना -शिवरतन शर्मा




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत ग्राम सिंगारपुर में आयोजित समाधान शिविर में सम्मिलित होकर ग्रामवासियो से सावंद किया शिवरतन शर्मा ने क्रमशरू पहले सभी विभागों के स्टाल का निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों एवं उन पर हुए निराकरणों के विषय में सम्बंधित अधिकारियो से जानकारी ली शिवरतन शर्मा ने समाधान शिविर को सम्बोधित करते हुये कहा की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक-एक गारंटी को धरातल पर उतारने का कार्य पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता से कर रहे हैं। सरकार जनता से किये गये हर वादे को गंभीरता से लेते हुये उसे पूरा करने में जुटी है। विधानसभा चुनाव से पहले वादा किया था कि सबसे पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासहीन परिवारों को घर उपलब्ध कराएंगे। सरकार ने इस वादे को प्राथमिकता दी और सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सबसे पहले प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार लोगों की समस्या का निराकरण उनके घर उनके द्वार तक पहुंचकर कर रही है। सरकार जनता के प्रति जवाबदेह है शिवरतन शर्मा ने कहा की समाधान शिविर में हो रही समस्याओं के समाधान को देखकर नागरिक अपनी समस्याएं लेकर शिविर पहुंच रहे हैं। शिविर में तमाम विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रहती है और समस्या को ध्यान में रखते हुये अधिकारी समस्याओं का मौके पर ही निपटारा करते हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इसी वजह से नागरिक शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं। शिवरतन शर्मा ने बताया कि सरकार ने जिन समस्याओं के निदान को लेकर समाधान शिविर की पहल की थी। वह सार्थक हो रही हैं और जनता को त्वरित समाधान मिल रहा हैं समाधान शिविर का उद्देश्य समस्याओं को समझना व जड़ मूल से खत्म करना है। उक्त अवसर पर पवन वर्मा, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, सीईओ हिमांशु वर्मा, बीईओ रामजी पाल, सरपंच कनक मनहरे, संतोष यदु, सुनील यदु, दीनबंधु दुबे, बूधेश्वर वर्मा व शिव यदु सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# नक्सलवाद पर लगाम की ओर बढ़ते कदम



नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा बलों के संघर्ष में बीती 21 मई को नया इतिहास रचा गया। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों ने सीपीआई (माओवादी) के महासचिव और सर्वोच्च कमांडर नंबाला केशव राव उर्फ बासवराजू को मार गिराया। उसके साथ 26 और नक्सली मारे गए। इसके कुछ दिन बाद झारखंड में भी तीन नक्सली मारे गए।

केंद्र सरकार ने मार्च 2026 के अंत तक नक्सलवाद के देश से सफाये का लक्ष्य रखा है। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों के लगातार कसते शिकंजे का संकेत भी कुछ ऐसा ही है।

नक्सलवाद के उभार के बाद से यह पहला मौका है, जब कोई सर्वोच्च नक्सली कमांडर और महासचिव स्तर का व्यक्ति मारा गया हो। गृहमंत्री अमित शाह ने इसे अपने बयान में रेखांकित भी किया। इस घटना के तुरंत बाद एक बयान में अमित शाह ने इस मुठभेड़ को नक्सलवाद खत्म करने की लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि बताने में हिचक नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ तीन दशकों की लड़ाई में महासचिव स्तर के नेता को हमारे सुरक्षा बलों ने मार गिराया है। केशव राव उर्फ बासवराजू को जिस ऑपरेशन के जरिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस औ छत्तीसगढ़ पुलिस ने मार गिराया, उसे सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट नाम दिया है। छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र तक फैले जंगलों में जारी इस ऑपरेशन के तहत जहां 54 नक्सली गिरफ्तार किए जा चुके हैं, वहीं 84 नक्सलियों ने समर्पण किया है। जिस तरह धड़ाधड़ सफल मुठभेड़ हो रही है, नक्सली समर्पण कर रहे हैं या फिर गिरफ्तार किए जा रहे हैं, उससे अमित शाह का उम्मीद रखना बेमानी भी नहीं है। मोदी सरकार ने साल 2014 में जब सत्ता संभाली थी, तब देश के 70 जिलों में नक्सलवाद का बड़ा असर था। भारतीय जनता पार्टी ने साल 2014 के चुनाव घोषणा पत्र में नक्सलवाद पर लगाम को अपने प्रमुख कार्यक्रम में शामिल किया था। इसके एक साल पहले ही 25 मई 2013 को छत्तीसगढ़ की झीरम घाटी में राज्य कांग्रेस के तकरीबन समूचे नेतृत्व को नक्सलियों ने निशाना बना दिया था। उससे उपजा क्षोभ ताजा था। वैसे भी सैद्धांतिक रूप से भारतीय जनता पार्टी माओवादी हिंसा के खिलाफ कठोर कार्रवाई की हमेशा से पक्षधर रही है। कह सकते हैं कि इसी वजह से साल 2014 के चुनाव घोषणा पत्र में नक्सलवाद पर लगाम को पार्टी ने अपना प्रमुख कार्यक्रम घोषित कर रखा था। गौर से देखेंगे तो पाएंगे कि नक्सलवाद का प्रभाव उन इलाकों में ज्यादा तेजी से बढ़ा, जहां जंगल थे, जहां आदिवासी समुदाय का निवास ज्यादा था, जहां शिक्षा का प्रसार कम था। यह सच है कि आधुनिक सभ्यता की सहयोगी आधुनिक व्यवस्था की निगाह जल-जंगल आदि प्राकृतिक संसाधनों के जरिए मुनाफाखोरी पर रही है। इस वैचारिकी का स्थानीय लोगों में प्रचार के जरिए नक्सलवाद ने अपनी गहरी पैठ बनाई। नक्सलवाद बुनियादी रूप से आधुनिक चीन के संस्थापक माओत्से तुंग की विचारधारा से प्रेरित है। जिनकी मान्यता थी कि सत्ता बारूद से निकलती है। नक्सलवाद या माओवादी सोच के मूल में हिंसा की अवधारणा है। जिसके अनुसार बदलाव भी हिंसा के जरिए ही आता है। वैचारिकी तक अगर माओवाद सीमित रहता तो गनीमत थी। लेकिन माओवादी कमांडरों ने बाद में अपने प्रभाव वाले इलाकों में अपनी ताकत का इस्तेमाल वसूली और मोटी कमाई के लिए करना शुरू कर दिया। तब से उनके प्रति समर्थन घटने लगा। नक्सली अपने प्रभाव क्षेत्र में अक्सर विकास के आधुनिक माध्यमों और प्रतीकों मसलन रेलवे लाइन, स्टेशन, डाकघर, स्कूल आदि को निशाना बनाते रहे। धीरे-धीरे उनके इस कृत्य को स्थानीय निवासी विकास विरोधी मानने लगे।

जैसे-जैसे स्थानीय लोगों की यह समझ बढ़ी, नक्सलियों का समर्थक आधार कमजोर होता गया। उनके समर्थक आधार को कमजोर करने में उनके द्वारा व्यापक स्तर पर किए गए नरसंहारों ने भी बड़ी भूमिका निभाई।

- राकेश सैन

# पृथ्वी की रक्षा करना ही धर्म है

## विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष



फिर पाँच जून आ गया जब हम विश्व पर्यावरण दिवस के नाम पर बड़ी श्रद्धा से एक बार फिर सारी घिसी-पिटी औपचारिकताएँ निभाते हैं। कोई बरगद का बोनसाई गमले में लगाएगा, तो कोई नौतपा में पीपल, जामुन ,आम के पौधे लगाएगा, कोई हरे-भरे गमले थामे हुए सेल्फी खिंचवाएगा। फेसबुक और इंस्टाग्राम की दीवारें 'ग्रीन अर्थ, क्लीन अर्थ' जैसे नारों से पट जाएँगी।

अधिकारीगण भाषण देंगे, कुछ भाषण सुनने की रस्म निभाएँगे। और अगले दिन सब अपने-अपने निर्धारित एजेंडे पर लौट जाएँगे।यानी पर्यावरण-विनाश की एकसूत्रीय योजना में पुनः सक्रिय हो जाएँगे। दरअसल, हमने गंभीरता पूर्वक पर्यावरण की चिंता ही नहीं की। हमारा विकास में प्रकृति के लिए कोई स्थान ही नहीं। हमारी हर प्रगति प्रकृति पर प्रहार करती है। हमने विज्ञान को विकास का औजार तो बना लिया, पर विवेक को कूड़ेदान में डाल दिया। परिणाम यह कि विकास और पर्यावरण अब एक वाक्य में दो तलवारों की तरह हो गए हैं—जो एक म्यान में साथ रह ही नहीं सकते।

आज जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक विचार चल रहा है वहीं उस से उपजे संकटों से जीवन कठिन हो चला है। कहीं तापमान 50 डिग्री पार कर गया है, तो गर्मी में कहीं बर्फ़बारी हो रही है। लगता है, पृथ्वी अपने संतुलन को खो चुकी है।कभी आग बरसाती गर्मी, तो कभी आइस एज की आहट। भारत में इस वर्ष मई 2024 में राजस्थान के फालौदी में तापमान 50.5एष्ट दर्ज किया गया,जो भारत में अब तक का सर्वाधिक तापमान बन गया। 29 मई 2025 में दिल्ली में तापमान 49.9ए सेंटीग्रेड रहा। बादल अब मौसम विभाग की परिभाषाओं को ठेंगा दिखाते हैं। न कैलेंडर में दर्ज ऋतुएँ समय पर आती हैं, न पंचांगों के ग्रह नक्षत्र अब वर्षा का अनुमान दे पाते हैं। आईपीसीसी की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में पिछले 50 वर्षों में मानसून की स्थिरता 27 प्रतिशत तक घट गई है। %प्रतीक्षित वर्षा% और %वास्तविक वर्षा% के बीच का अंतर अब औसतन 19 प्रतिशत हो गया है।

पर हमारे विकास मॉडल सस्टेनेबिलिटी से कोसों दूर भागता है। आज हम खेतों में करोड़ों टन रासायनिक खाद डाल रहे है, जिसकी गैसें जल, थल, नभ तीनों को बर्बाद कर रही हैं। कीटनाशकों से न केवल मिट्टी मर रही है, बल्कि वह 'मृत्युभोज' धीरे-धीरे हमारे शरीर में पहुँच रहा है। फूड एंड एग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन रिपोर्ट 2022 के अनुसार, भारत की 30 फीसदी कृषि भूमि मध्यम से लेकर गंभीर रूप से मिट्टी-प्रदूषण की शिकार है।

पर्यावरण की इस दुर्दशा में अकेले व्यक्ति नहीं, बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ भी समान रूप से दोषी हैं—या कहें कि उनके पास 'अधिकांश अधिकार' सुरक्षित हैं। उनके उत्पाद, उनके ब्रांड, उनके हित—सब पर्यावरण की कीमत पर सुरक्षित हैं। और सरकारें तो उनके इशारे पर ही कार्य करती प्रतीत होती हैं।

अब सोचिए, क्या सचमुच हम इस नीले ग्रह को रहने योग्य बनाए रखना चाहते हैं? अथवा इससे भी बड़ा सवाल—क्या हम, मनुष्य जाति, इस पृथ्वी पर रहने योग्य प्राणी हैं?

आपने कभी सुना कि किसी बकरी, किसी शेर, किसी तेंदुए ने किसी वनस्पति या प्राणी प्रजाति को नष्ट कर दिया हो? नहीं। यह कारनामा केवल मनुष्य कर सकता है। वह विकास के नाम पर जंगलों की हत्या करता है, जैवविविधता का संहार करता है, और फिर खुद को 'सभ्य' कहता है। यूनाइटेड नेशंस बायोडायवर्सिटी रिपोर्ट 2020 के अनुसार, मानव गतिविधियों के कारण प्रतिदिन लगभग 150 प्रजातियाँ विलुप्त हो रही हैं।

आज हम चंद्रमा पर पहुँचने की खुशी में उछल रहे हैं, मंगल पर 'बस्ती बसाने' के ख्वाब पाल रहे हैं। ज़रा सोचिए... पृथ्वी, जहाँ ऑक्सीजन निशुल्क है, जल सहज उपलब्ध है, जहाँ प्रकृति अपने दम पर हर वर्षा ऋतु में जल, जीवन ,वनस्पति जगत के पुनर्जीवन का प्रयास करती है, अगर हमारे ही नासमझी के कारण धरती पर जीवन संभव नहीं रहा, तो प्रयोगशालाओं में बनाई गई ऑक्सीजन, पानी और पौधे के सहारे चाँद-मंगल पर कितने लोग, कितने दिन जिंदा रह पाएँगे?

विज्ञान को नकारना समाधान नहीं, पर विवेकहीन विज्ञान अनिष्ट ही करता है। मानवता का संरक्षण यदि हमारा उद्देश्य है तो सबसे पहले हमें इस पृथ्वी को संरक्षित करना होगा। 'रहने योग्य ग्रह' की खोज से पहले 'रहने योग्य समाज' का निर्माण करना ज़रूरी है।

यही कारण है कि हमें अब विकसित समाज के अहंकार से बाहर निकल कर आदिवासी समाज की ओर देखना होगा। वे, जो हजारों वर्षों से प्रकृति के साथ सहजीवन में रहकर सिखाते आए हैं कि विकास केवल ऊँची इमारतों का नाम नहीं, बल्कि धरती व प्रकृति के साथ संतुलित सहजीवन का नाम है। हम जिन्हें पिछड़ा आदिवासी कहते हैं, वे हमें दिखाते हैं कि कैसे बिना प्लास्टिक के, बिना जहर के खेती की जा सकती है। कैसे जल का सम्मान किया जा सकता है, कैसे वनों के साथ जीते हुए भी वनों की रक्षा की जा सकती है। 'मिश्रित खेती', बचे-खुचे 'परंपरागत बीज', 'वनस्पतिजन्य दुर्लभ औषधियाँ'— इन सबका ज्ञान इन जनजातियों के पास है, जिन्हें हमने विकास की दौड़ में तिलांजलि दे दी थी।

किंतु हमें शिक्षक नहीं, शिष्य बनकर इन जनजातीय ज्ञान परंपराओं के पास जाना होगा। तभी हम इस पृथ्वी को सचमुच बचा पाएँगे।

विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक तारीख नहीं, एक गंभीर चेतावनी है। यह हमें याद दिलाता है कि अगली पीढ़ी को केवल विरासत में मोबाइल और मेट्रो नहीं, पीने का पानी, सांस लेने की हवा और टिकाऊ जीवन प्रणाली भी चाहिए। आज की वैज्ञानिक दृष्टि को ऋषि-दृष्टि के साथ जोड़ने की आवश्यकता है। जैसा कि हमारे पूर्वज कह गए हैं-

**'पृथिव्यां त्रायते यः स धर्मः'**

**जो पृथ्वी की रक्षा करे वही धर्म है।**

**और याद रखिए-'यस्य कि@द्ज्ञानं स विनश्यति'**

अर्थात जिसने थोड़ा-सा भी ज्ञान पाया, पर विवेक खो बैठा, उसका विनाश निश्चित है।इसलिए प्रश्न केवल यह नहीं है कि 'हम पृथ्वी को कैसे बचाएँ', बल्कि यह भी है—क्या हम खुद को बचा पाने योग्य बना पाए हैं?

**डॉ. राजाराम त्रिपाठी**
**प्रख्यात पर्यावरणविद**

# भाटापारा सुहेला मार्ग का डामरीकरण प्रगति पर लेकिन वर्षों पुराने डिग्गी नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की बाट जोह रहे हैं अभी भी ग्रामीण

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** क्षेत्र मे एक लंबे समय बाद भाटापारा सुहेला चैदह किलोमीटर लंबी जर्जर सड़क का डामरीकरण कार्य द्रुत गति से चल रहा है जिसके फ लस्वरूप अब इस मार्ग पर चलने वाले तमाम वाहन तेजी से दौड़ने लगे है वहीं भाटापारा सुहेला मार्ग के प्रमुख गांव खोखली, जरौद, सिनोधा, फ रहदा, टेकारी, आमाकोनी, खपरी, डिग्गी, शिकारी केशली, भंवरगढ़, जांगड़ा, लोहारी, रानी जरौद, नेवारी फु लवारी, बिटकुली, रावन झीपन, पड़कीडीह, खपराडीह व बासीन सहित अनेक गांव वालो को अब भाटापारा आने जाने मे सहुलियत के साथ कम समय लग रहा है इस मार्ग पर चलने वाली भाटापारा खरोरा बस भी अब नियमित रूप से दौड़ रहीं है अब इस मार्ग पर दर्जनो की संख्या मे अनेक छोटे वाहन तथा बैटरी चलित तीन पहिया वाहन भी सवारी लादकर दौड़ रहे है लेकिन बरसात मे इस मार्ग पर भाटापारा से आठ किलोमीटर दूर ग्राम डिग्गी के पास स्थित जमुनैया नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण की दशको पुरानी मांग पूरी नहीं होने से आगामी बारिश मे फि र से डिग्गी रपटा के डूबान मे आने से भाटापारा सुहेला का सीधा सड़क संपर्क टूट जायेगा जो कि आम नागरिको के साथ साथ छात्र-छात्राओं तथा वे ग्रामीण जो अपनी बिमारी का उपचार कराने भाटापारा आते है उन्हे विभिन्न प्रकार की बाधाओ से जूझना पडेगा एक लंबे समय से भाटापारा सुहेला मार्ग के डिग्गी नाला मे उच्च स्तरीय पुल निर्माण की मांग जारी है जिस पर अब तक कोई ठोस प्रयास नहीं किये जाने से उक्त जायज मांग अब तक अपूर्ण है बताया जाता है डिग्गी नाला का क्षेत्र बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र मे आता है और यह अंतिम क्षेत्र भाटापारा की सरहद से लगा हुआ है इसी अंतिम क्षेत्र मे अधिकांश गांव पिछडेपन के शिकार से जूझ रहे है जिसमे डिग्गी खपरी गांव भी प्रमुख है जहां एक ओर छोटे नाले व रपटे पर उच्च स्तरीय पुल बन गया है लेकिन भाटापारा सुहेला प्रमुख मार्ग के डिग्गी नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण का न होना इस क्षेत्र की घोर उपेक्षा का प्रमाण बना हुआ है उक्त रपटा पर पुल नहीं होने से बारिश के चार महीने मे भाटापारा का सीधा सड़क संपर्क सुहेला, हिरमी, भटभेरा, कुथरौद, रावन झीपन, चुचरूंगपुर, खरोरा तथा सैकड़ो अन्य गांवो से टूट जाता है वहीं बडे बडे औद्यौगिक सिमेंट संयंत्र जिसमे लार्सन एवं टूब्रो, ग्रासीम, श्री सीमेंट, बांगड़ सीमेंट व अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनियो सैकड़ो माल वाहक चैपहिया वाहन एवं सामान्य बस जिसमे सामान्य यात्रियों के अलावा सीमेंट कंपनी की स्टाफ बस वालो को भी आने जाने मे तकलीफ ो का सामना करना पड़ता है। इस वर्ष बाधा मे सर्वाधिक परेशानी उन स्कूल बच्चो को उठाना पड़ता है जो सीमेंट कंपनियो द्वारा संचालित स्कूलो मे अध्ययन करने भाटापारा सहित आस पास के क्षेत्र से वहां के स्कूल मे विद्या अर्जन करने आते जाते है अतरू लोकहित मे डिग्गी नाला पर उच्च स्तरीय पुल बनाने की दिशा मे संबंधित विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को विशेष रूचि लेकर प्रयास करना चाहिये ताकि भाटापारा सुहेला प्रमुख मार्ग के डिग्गी नाला के डूबान मे आने की समस्या का स्थाई निदान निकल सके।

# मंडी में फिर रिकार्ड तोड़ धान की आवक, भाव में भी तेजी का माहौल



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** इन दिनो रबी फ सल की कटाई व मिसाई के बाद धान की बंपर आवक के बावजूद भाटापारा कृषि उपज मंडी मे नये धान महामाया का भाव भी गिरने का नाम नहीं ले रहा है जिसके फ लस्वरूप भाटापारा के अलावा पेन्ड्रा मरवाही गौरेला, चांपा जांजगीर, सारंगढ-बिलाईगढ, महासमुंद, बेमेतरा, कवर्धा, मुंगेली व बिलासपुर सहित अन्य दूर दराज के जिलो के सुदूरवर्ती गांव के लोग भारी संख्या मे विभिन्न वाहनो मे नये धान व उन्हारी जींस को बेचने भाटापारा के मंडी मे पहुंच रहे है जहां पर लंबी इंतजार के बावजूद उन्हे धान व उन्हारी जींसो का उम्मीद से ज्यादा भाव मिल रहा है सोमवार को मंडी मे विष्णु भेग ईनेम धान 5800 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च भाव मे बिका वहीं महामाया नया धान 2751 रूपये प्रति क्विंटल के उछाल भरे रेट मे बिका इसी तरह महामाया ईनेम धान भी 2751 रूपये प्रति क्विंटल पर बेचा गया, प्रांगण मे ईनेम श्रीराम धान 3226 रूपये प्रति क्विंटल तथा मोटा रकजा धान 2080 रूपये प्रति क्विंटल पर बेचा गया, श्रीराम ईनेम धान 3226 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका, एचएमटी ईनेम धान 2571 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया वहीं प्रांगण मे राहर की भी बंपर आवक हुई और वह 6480 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च भाव मे बेचा गया तिवरा 3300 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया गेहूं 2540 रूपये प्रति क्विंटल तथा गेहूं ईनेम 2501 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बिका मंडी प्रांगण मे चना के भाव भी अपना तेवर दिखाते हुये 5740 रूपये प्रति क्विंटल के महंगे भाव पर बेचा गया सरसो ने भी भाव मे उछाल मारते हुये 5769 रूपये प्रति क्विंटल के भाव को छू लिया, कोदो 2150 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया, धनिया 6821 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च भाव पर बेचा गया जबकि बटरी 4400 रूपये प्रति क्विंटल भाव से बिका इसी प्रकार धान व उन्हारी की अन्य किस्मो की भी लगातार आवक जारी है लेकिन मंडी प्रांगण के छोटा पड़ जाने से किसानो को लंबी प्रतीक्षा करना पड़ रहा है। बहरहाल भाटापारा मे रिकार्ड तोड़ धान व उन्हारी उपज की आवक का क्रम लगातार जारी है।

# भाटापारा मंडी में भारी आवक के बाद नया महामाया धान का रेट गिरा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** इन दिनो रबी फ सल की कटाई व मिसाई के बाद धान की बंपर आवक के बाद भाटापारा कृषि उपज मंडी मे नये महामाया धान का भाव अब पर्याप्त आवक के पश्चात गिरने लगा है मंडी मे भाटापारा के अलावा पेन्ड्रा मरवाही गौरेला, चांपा जांजगीर, सारंगढ-बिलाईगढ, महासमुंद, बेमेतरा, कवर्धा, मुंगेली व बिलासपुर सहित अन्य दूर दराज के जिलो के सुदूरवर्ती गांव के लोग भारी संख्या मे विभिन्न वाहनो से नये धान व उन्हारी जींस को बेचने अभी भी भाटापारा के मंडी मे पहुंचने लगे है गुरूवार को मंडी मे विष्णु भेग ईनेम धान 5700 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च भाव मे बिका वहीं महामाया नया धान 2381 रूपये प्रति क्विंटल के उछाल भरे रेट मे बिका इसी तरह महामाया ईनेम धान भी 2667 रूपये प्रति क्विंटल पर बेचा गया, प्रांगण मे ईनेम श्रीराम धान 2800 रूपये प्रति क्विंटल तथा मोटा रकजा धान 2060 रूपये प्रति क्विंटल पर बेचा गया, श्रीराम ईनेम धान 3226 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका, एचएमटी ईनेम धान 2571 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया वहीं प्रांगण मे राहर की भी बंपर आवक हुई और वह 6480 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च भाव मे बेचा गया ईनेम तिवरा 3751 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया वहीं तिवरा ईनेम 3942 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया गेहूं 2470 रूपये प्रति क्विंटल तथा गेहूं ईनेम 2551 रूपये



प्रति क्विंटल की दर पर बिका, मसूर 5200 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया, मंडी प्रांगण मे चना के भाव भी अपना तेवर दिखाते हुये 5740 रूपये प्रति क्विंटल के महंगे भाव पर बेचा गया सरसो ने भी भाव मे उछाल मारते हुये 5760 रूपये प्रति क्विंटल के भाव को छू लिया, कोदो 2150 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर बेचा गया, धनिया 6821 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च भाव पर बेचा गया जबकि बटरी 4371 रूपये प्रति क्विंटल भाव से बिका वहीं चना 5575 रूपये के प्रति क्विंटल के उच्च दर पर बेचा गया इसी प्रकार धान व उन्हारी की अन्य किस्मो की भी लगातार आवक जारी है लेकिन मंडी प्रांगण के छोटा पड़ जाने से किसानो को लंबी प्रतीक्षा करना पड़ रहा है। बहरहाल भाटापारा मे रिकार्ड तोड़ धान व उन्हारी उपज की आवक का क्रम लगातार जारी है।

# कैंची से प्राण घातक हमला करने वाले 2 गिरफ्तार

**आरोपियों द्वारा आहत से लुटे हुये इनफिनिक्स कंपनी का मोबाईल और अपराध मे उपयोग किये गये कैंची, स्कूटी (मोपेड) होण्डा डीओ क्रमांक CG-04-MZ-1105 जप्त।**

ब्यूरोचीफ रतन कुमार






**दुर्ग।** दिनांक 27.05.2025 को आहत मोहित कोल अपने छोटे भाई रोहित कोल के साथ दोपहर करीबन 11.30 बजे अपने मोटर सायकल से जामगांव एम देशी शराब भट्ठी गये थे। शराब लेकर घर वापस आ रहे थे, उसी दौरान इनकी मोटर सायकल का चेन टुट गया तब ये और छोटा भाई मोटर सायकल को ढकेलते आ रहे थे आहत थक गया तो मुरूम खदान भाठागांव कापसी के पास नहर पुलिया के पास बैठ गया और छोटा भाई मोटर सायकल को ढकेलते हुये घर चला गया। लगभग 02.15 बजे शराब भट्ठी जामगांव तरफ से एक लाल काला कलर की स्कूटी मे तीन लोग आये उसमे से दो लड़के उतर कर आहत के पास आये और एक लड़का स्कूटी चालू कर बैठा था, जो दो लड़के आहत के पास आये उसमे से एक लड़का आहत के हाथ से इनफिनिक्स कम्पनी का मोबाईल को लूटने लगे आहत द्वारा विरोध किया तो दूसरा लड़का पीछे से आहत का हाथ पकड़ लिया जो लड़का मोबाईल लूटने की कोशिश कर रहा था वह अपने पेंट के जेब से चाकू जैसे धारदार हथियार निकालकर आहत के पेट मे और बायें तरफ कमर के उपर चाकू जैसे धारदार हथियार से प्राण घातक हमला किया आहत के हाथ से इनफिनिक्स कंपनी का मोबाईल और आहत के शर्ट के जेब से दो हजार रूपये को लूट लिये उसके बाद तीनो लड़के गाड़ी मे बैठकर झीट तरफ भाग गये। आहत वहीं मुर्छित अवस्था मे पड़ा रहा, लगभग 04.30 से 05.00 बजे होस आया तो एक लड़के से लिफ्ट लेकर उसके मोटर सायकल मे बैठकर झीट तक आया और झीट से पैदल घर गया और घटना के बारे मे पत्नी किरण कोल को बताया थोड़ी देर बाद ठेकेदार उमेश प्रजापति और उसका साथी पूरन साहू मुझे मोटर सायकल मे बिठाकर झीट अस्पताल लेकर गये वहां से रिफर करने पर आहत को मेकाहारा अस्पताल रायपुर लेकर आये उपचार हेतु भर्ती किये आहत के साथ लूटपाट करने वालो तीनो लड़को को देखकर पहचान लूंगा, कि रिपोर्ट पर अप0क्र0 54/25 धारा 311 बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना कार्यवाही मे लिया गया, घटना की गंभीरता को देखते हुये प्रकरण में सम्मिलित आरोपियों नोहर लाल सोनकर उर्फ नितीन पिता रोहित सोनकर उम्र 23 साल निवासी ग्राम मुडरा थाना मुजगहन जिला रायपुर तथा राजू सिन्हा उर्फ बाबू सिन्हा पिता पदुम सिन्हा उम्र 23 वर्ष निवासी शीतला चैक भाठागांव जिला रायपुर, को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से घटना मे प्रयुक्त कैंची, स्कूटी (मोपेड), और लूटे गये मोबाईल एवं 2000 रूपये नगदी को बरामद कर मुताबिक जप्ती पत्रक गवाहो के समक्ष जप्त किया गया है, प्रकरण में आरोपियों के सहयोगी चन्दू ध्रुव फरार है। जिसकी पता तलाष कर जल्द ही पकड़ लिया जायेगा। उक्त गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

कार्यवाही दौरान श्रीमान् एसडीओपी पाटन, थाना प्रभारी अमलेष्वर उनि रामनारायण सिंह ध्रुव,

हमराह स्टाफ, आर. 1237 कुलेष्वर साहू, आर0 1705 गौकरण बघेल, आर0 1423 अजय सिंह, आर0 320 हसन अली की विषेष भूमिका रही।

आरोपी (1). नोहर लाल सोनकर उर्फ नितीन पिता रोहित सोनकर उम्र 23 साल निवासी ग्राम मुडरा थाना मुजगहन जिला रायपुर,

(2). राजू सिन्हा उर्फ बाबू सिन्हा पिता पदुम सिन्हा उम्र 23 वर्ष निवासी शीतला चैक भाठागांव जिला रायपुर,

(3). फरार आरोपी चन्दू ध्रुव

# पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज के द्वारा लगातार की जा रही है ,रेंज स्तरीय दोष मुक्ति प्रकरणों की समीक्षा बैठक

## समीक्षा के दौरान कुल 250 से अधिक प्रकरणों पर की गई समीक्षा

**ब्यूरोचीफ रतन कुमार**

दुर्ग। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज श्री रामगोपाल गर्ग (भा. पु .से.) द्वारा दिनांक 29 मई 2025 को कार्यालय के सभागार कक्ष में रेंज स्तरीय दोषमुक्ति प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कुल 250 से अधिक प्रकरणों की बारीकी से समीक्षा की गई, जो तीन घंटे से अधिक समय तक चली।



विशेष रूप से उन मामलों पर चर्चा की गई, जिनमें न्यायालय द्वारा आरोपियों को दोषमुक्त किया गया था, तथा इसके पीछे के कारणों का गहन विश्लेषण किया गया। बैठक के दौरान महिला संबंधी अपराध, पॉस्को एक्ट, हत्या एवं हत्या के प्रयास के प्रकरण, एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत पंजीबद्ध प्रकरणों, चिट फंड प्रकरणों में हुए दोष मुक्ति के कारणों की समीक्षा, आदतन अपराधियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने, दोषसिद्धि की दर बढ़ाने एवं विवेचना की गुणवत्ता में सुधार लाने पर जोर दिया गया।

गंभीर अपराधों में भौतिक साक्ष्यों को सुनियोजित रूप से एकत्र करने, जैसे फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी के माध्यम से फायर आर्म/ धारदार हथियारों से फिंगर प्रिंट सुरक्षित रूप से एकत्र करना,सीसीटीवी फुटेज जप्त करना एवं इस सम्बन्ध में प्रमाण पत्र आवश्यक रूप से लेना तथा विवेचकों को गवाहों और प्रार्थियों से निरंतर संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए गए ताकि वे न्यायालय में निर्भीकता से अपने पूर्व कथनों पर कायम रह सकें और प्रकरणों में सशक्त साक्ष्य प्रस्तुत किए जा सकें। इससे न्यायालय में आरोपी दोषसिद्ध हो सकें और उन्हें



उनके अपराधों के लिए उचित सजा मिल सके।

महिला एवं बच्चों से संबंधित गंभीर प्रकरणों, विशेषकर अनाचार एवं पास्को एक्ट के अंतर्गत आने वाले मामलों में, एफआईआर के पश्चात नवीन विधिक प्रावधानों के अनुसार 60 दिवस के भीतर चालान प्रस्तुत करने की अनिवार्यता के साथ ही, ऐसे मामलों में यदि प्रार्थी या पीड़िता, जिनका कथन न्यायालय में बीएनएसएस की धारा के अंतर्गत दर्ज किया गया हो, ट्रायल के दौरान होस्टाइल होते हैं, तो उनके विरुद्ध बीएनएसएस की धारा के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई हेतु अभियोजन अधिकारियों को माननीय न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, झूठी शिकायत करने वाले एवं निर्दोष व्यक्तियों को झूठा फँसाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोजन अधिकारियों को माननीय न्यायालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

इस महत्वपूर्ण बैठक में संयुक्त संचालक अभियोजन दुर्ग श्री एस.एस. ध्रुव, उप संचालक दुर्ग श्री सुनील चौरसिया, उप संचालक बालोद श्री प्रेमेंद्र बैसवाड़े, उप संचालक बेमेतरा श्रीमती कंचन पाटिल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग श्रीमती पद्मश्री तंवर, अति. पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती ज्योति सिंह, अति. पुलिस अधीक्षक बालोद श्रीमती मोनिका ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती शिल्पा साहू, उप निरीक्षक श्री राजकुमार प्रधान, डाटा एंट्री ऑपरेटर श्रीमती तेजस्वी गौतम एवं पुलिस पी.आर.ओ. श्री प्रशांत कुमार शुक्ला उपस्थित रहे।

**झूठी शिकायत करने वाले, लोगों को झूठा फसाने वालों के विरुद्ध अभियोजन अधिकारियों को माननीय न्यायालय को प्रतिवेदन देने दिए निर्देश।**

# भाटापारा तहसील व एसडीएम कार्यालय में अनियमितताओं का जोर

## राजस्व मंत्री के गृह जिले में सुशासन को दिखा रहे ठेंगा

**भाटापारा।** स्थानीय तहसील प्रशासन में एक बार फिर अव्यवस्था का माहौल व्याप्त है। तहसील व राजस्व अनुविभाग के तमाम प्रकरणों पर तारीख पर तारीख देकर लोगों को चक्कर काटने पर मजबूर किया जा रहा है। एक लंबे समय से पूर्णकालिक एसडीएम पदस्थ नहीं रहने से पक्षकारों को उनके प्रकरण में त्वरित सुनवाई का लाभ नहीं मिल पा रहा है व लोग अनुविभाग राजस्व तथा तहसील कार्यालय का चक्कर काटने विवश हो रहे हैं। बताया जाता है कि प्रायः सभी किस्म के प्रकरणों पर बिना भेंट चढ़ावा के कार्य नहीं हो रहा है जिसमें बिना सेवा दिये फाइल कछुआ चाल में आगे बढ़ती है। अनेक ग्रामीणों ने बताया कि उनके प्रकरण एक लंबे समय से लंबित है लेकिन उस पर ठोस कार्यवाही व निदान नहीं होने से उन्हें लगातार पेशी की नई-नई तारीख देकर घुमाया जा रहा है। सीमांकन, नामांतरण, फौती उठाने का कार्य, डायवर्सन, भूमि पटटा, त्रुटि सुधार तथा नये पट्टा का नवीनीकरण, नजूल पट्टा नवीनीकरण जैसे तमाम कार्यों के लिये सेवा बता दिया जाता है मार्फत काम कराने वालों के कार्य जहां प्राथमिकता से करने के लिये यहां के अधिकारी तत्पर रहते हैं, वहीं प्रत्यक्ष रूप से जाने वाले नागरिकों, किसानों व पक्षकारों को जिस तरह घुमाया जाताहै,सुशासन को ठेंगा दिखाने जैसा है। शहर से मात्र 25 किलोमीटर की दूरी पर प्रदेश का राजस्व मंत्री का घर है वहीं भाटापारा अनुविभाग व तहसील में एक लंबे समय से पूर्णकालिक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा तहसीलदार का पद रिक्त होना शासन प्रशासन की घुलमुल नीति की कहानी को उजागर करता है। जब प्रदेश के राजस्व मंत्री के पड़ोस में यह हाल है तो पूरे प्रदेश का क्या होगा, यह सहज रूप से अनुमान लगाया जा सकता है। भाटापारा राजस्व प्रशासन पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार का मॉडल बन गया है और इसीलिये यहां पर जान बूझकर पूर्णकालिक अधिकारियों की नियुक्ति नहीं की जा रही है।




# राहगीरों से मारपीट कर लूटने वाला गिरोह पकड़ाया

## दो नाबालिग सहित चार लोग गिरफ्तार, वायरल हुआ था मारपीट का वीडियो

**ब्यूरोचीफ रतन कुमार**

**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस ने एक ऐसे लुटेरा गिरोह को गिरफ्तार किया है, जो राहगीरों को रोककर उनके साथ बुरी तरह मारपीट करता था फिर उसके साथ लूट की वारदात को अंजाम देता था। पुलिस ने दो नाबालिग सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

बीते 5 मई को अमित सिंह मेहरा पिता कुलदीप सिंह मेहरा (34 साल) निवासी दलबीर भवन नंदनी रोड थाना छावनी ने लूट की घटना की शिकायत दर्ज कराई थी। खुर्सीपार पुलिस में दर्ज एफआईआर में उसने बताया कि वो 5 मई की रात 10:30 बजे खुर्सीपार मेन रोड से अपने घर नंदिनी रोड आ रहा था।



वो जैसे ही स्कूटी से गोडवाना भवन के पास खुर्सीपार पहुंचा 4 अज्ञात लड़के आए, उन्होंने उसे हाथ देकर रोका। जैसे ही उसने स्कूटी को रोका लड़कों ने उसके ऊपर चाकू टिका दिया। इसके बाद उन लोगों ने उसके साथ मरपीट की और उसका मोबाइल फोन, आधार कार्ड और स्कूटी की जाबी छीन ली और भाग गए। घटना की गंभीरता से लेते हुये थाना खुर्सीपार पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से निरीक्षण किया। लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन आरोपियों का कहीं कोई पता नहीं चला।

### वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ाए आरोपी

खुर्सीपार पुलिस 1 जून को डबरापारा ओवर ब्रिज के पास वाहन चेकिंग लगाए हुए थी। इसी दौरान वहां दो नाबालिगों के साथ चार लोग स्कूटी में सवार होकर तेज रफ्तार में जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें रोका तो वो भागने लगे। पुलिस ने चारों को दौड़ाकर पकड़ा। इसके बाद थाने में लाकर चारों संदेहियों से पूछताछ की गई। पूछताछ करने पर चारों ने कई जगह लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। चोरी के मोबाइल में रिकार्ड किया मारपीट का वीडियो

आरोपियों ने नंदिनी रोड निवासी अमित सिंह का मोबाइल लूटने के बाद आरोपियों ने दूसरे दिन एक और राहगीर के साथ लूटपाट की। इस दौरान उन्होंने उसे बुरी तरह मारापीटा और उसका वीडियो बनाया था।

अगले दिन जब अमित ने दूसरा मोबाइल लेकर जीमेल अकाउंट से फोन को लॉगइन किया तो उसमें आरोपियों द्वारा बनाया गया मारपीट का वीडियो डाउनलोड हो गया। इस वीडियो को लेकर भी पुलिस जांच कर रही है।

### ये आरोपी किए गए गिरफ्तार

नोहरदास मानिकपुरी पिता जगत दास मानिकपुरी (19 साल) निवासी कैम्प 1 साक्षरता चौक के पास सुपेला नारायण यादव उर्फ गौरव पिता स्व. अशोक यादव (19 साल) निवासी सिकोला भाटा दुर्ग दो अपचारी बालक।

# फर्नीचर दुकान में चोरी करने वाले एवं चोरी का सामान खरीदने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार




**ब्यूरोचीफ रतन कुमार**

**दुर्ग।** प्रार्थी खम्हन सिंह ठाकुर निवासी नाकापारा जामुल द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि शिवपुरी जामुल में फर्नीचर दुकान है। दिनांक 24.05.2025 की रात्रि दुकान बंद कर घर चला गया था। दिनांक 26.05.2025 को सुबह जब प्रार्थी दुकान आया तो दुकान के उपर लगे सीट उठा हुआ था। सामान चेक करने पर पता चला कि 01 नग रेंदा मशीन, 01 कटर मशीन, 01 नग ड्रील मशीन, ग्रेंडर मशीन एवं पाना पेंचिस को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना जामुल में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जामुल पुलिस द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी की पता तलाश में लग गई इसी दौरान *मुखबिर द्वारा सूचना एवं हुलिया के आधार पर संदेही हीरा सिंह उर्फ बौव्वा केवट को पूछताछ किया गया जो अपने साथी आरोपी चंदन सिंह के साथ मिलकर प्रार्थी के दुकान में चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी की गई मशीन आरोपी कारू साव के पास बिक्री करना बताये। आरोपियों से चोरी गई की गई मशरूका रेंदा मशीन, कटर मशीन, ड्रील मशीन, ग्रेंडर मशीन एवं पाना पेंचिस कुल कीमती 15000 रूपये जप्त किया गया है। आरोपीगणों को आज दिनांक 30.05.2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक राजेश मिश्रा, सउनि बेनी सिंह राजपूत, आर. चेतमान गुरुंग, रत्नेश शुक्ला, चन्द्रभान यादव, रूपनारायण बाजपेयी, चंदन सिंह का विशेष योगदान रहा।

अप. क्र. 368/2025

धारा 331(4), 305, 317(2), 3(5) बीएनएस

जप्ती 01 नग रेंदा मशीन, 01 कटर मशीन, 01 नग ड्रील मशीन, ग्रेंडर मशीन एवं पाना पेंचिस कीमती 15000 रूपये।

आरोपी (1) हीरा सिंह उर्फ बौव्वा केवट पिता स्व. माला सिंह उम्र 48 साल निवासी सतनाम भवन उडिया दुकान के पास घासीदास नगर जामुल।

(2) चंदन सिंह पिता स्व. भीम सिंह उम्र 35 साल निवासी एसीसी चैक राजीव नगर जामुल।

(3) कारू साव पिता धुरूप साव उम्र 48 साल निवासी राजीव नगर सिसकोल उद्योग के पास छावनी थाना जामुल जिला-दुर्ग।

# भाटापारा यातायात समस्या का समाधान निकालने की मांग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर में इन दिनों यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित किये जाने की जरूरत है इसके लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सहित पालिका अधिकारी व लोक निर्माण विभाग तथा मंडी व राजस्व प्रशासन की संयुक्त बैठक आयोजित कर संपूर्ण शहर में यातायात की व्यवस्था को सुधारने बाबत ठोस कार्यवाही किए जाने की जरूरत है जिससे कि शहर की बोझिल व जटिल यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाया जा सके न्यू बस स्टैंड बब्बू होटल के पास पुराने ट्रैफिक चैराहा ध्वस्त हो चुका है वहां पर एक विशाल पत्थर व बिल्डर के अवशेष दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा है उसे भी वहां से हटकर वहां पर मजबूत ट्रैफिक पोस्ट बनाए जाने की दरकार है साथ ही शहर में तमाम स्थानों पर बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नल को यातायात के दृष्टिकोण से प्रारंभ कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है क्योंकि एक पखवाड़े बाद शहर में यातायात का दबाव और अधिक बढ़ाने की संभावना है क्योंकि सभी तमाम स्कूल कॉलेज प्रारंभ हो जाएंगे जिसके कारण सड़क पर यातायात का बोझ और बढ़ जाएगा इसको मत दे नजर रखते हुए यातायात की एक संयुक्त बैठक आयोजित कर सभी बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए यातायात को व्यवस्थित किया जाने की दिशा में अमल किए जाने की जरूरत है ताकि आए दिन हो रहे दुर्घटना के साथ-साथ यातायात जाम से शहर वासियों को मुक्ति मिल सके इस दिशा में प्रबुद्ध नागरिकों ने जिला पुलिस अधीक्षक व आईजी से भाटापारा की यातायात व्यवस्था के लिए विशेष रूप से पहल करने का अनुरोध किया है प्रदेश के सातवें सबसे बड़े शहर के रूप में भाटापारा की पहचान है और यह एक प्रमुख व्यावसायिक एवं औद्योगिक शहर है जिसके कारण सड़क पर यातायात का भारी दबाव बना हुआ है खासकर रेलवे के रैक पॉइंट पर लोडिंग अनलोडिंग कार्य के दौरान तमाम भारी वाहन सैकड़ो की तादाद में जब सड़क पर दौड़ते हैं तब व्यवस्था चरमरा जाती है इसी तरह वर्तमान में मंडी क्षेत्र में धान लेकर आ रहे हजारों की संख्या में छोटे-बड़े भारी वाहनों के कारण चारों दिशाओं की यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है इस पर गंभीर मंत्रणा जरूरी हो गया है साथ ही बाधित यातायात के निराकरण के लिए सर्वसम्मति से निर्णय व फैसले लेने के लिए प्रशासन जल्द बुलाकर ठोस कार्यवाही करें।

## रामसागर पारा में सुशासन तिहार के तहत विभिन्न समस्याओं का निराकरण

**भाटापारा।** शहर सीमा के अंतर्गत रामसागर वार्ड मे शासन द्वारा चलाये जा रहे सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन दुर्गा मंदिर प्रांगण मे किया गया। उक्त अवसर पर शिविर मे नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा विशेष रूप से शामिल हुये। इस दौरान उन्होने कहा कि विष्णुदेव सरकार की मंशा है कि आम नागरिक तक शासन की तमाम हितकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे व लोग किसी भी समस्या के लिये इधर उधर न भटकें इस सिलसिले मे शहर के विभिन्न वार्ड मोहल्लो मे सुशासन तिहार समाधान शिविर के तहत आम नागरिको से सीधे जन संवाद करते हुये समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है रामसागर वार्ड के समाधान शिविर मे विभिन्न विभागो के अधिकारी



कर्मचारियों को पालिकाध्यक्ष ने आम जनता से जुडे तमाम समस्याओ के निराकरण के निर्देश दिये इस दौरान अनेक हितग्राहियों को राशन कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबडिया, राकेश तिवारी, सुखदेव यदू, लक्ष्मीकांत टंडन, कुंजराम कोशले, नंदकिशोर वैष्णव सहित पालिका अधिकारी जफ र खान एवं बडी तादाद मे आम नागरिक व विभिन्न अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## अमृत मिशन 2 को अश्वनी शर्मा ने हरी झंडी दिखाई

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** मिशन अमृत 02 के अंतर्गत वूमेन फॉर ट्री कैम्पेन हेतु महिला स्व सहायता समुह की सदस्यो को साईट विजिट किये जाने हेतु नगर पालिका प्रांगण मे आवश्यक किट का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर अभियान की सफलता हेतु शुभकामनायें पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने दी। उपरोक्त अवसर पर उन्होने कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण एवं महिलाओं की सशक्तिकरण की दिशा मे एक सराहनीय प्रयास है इससे केवल हरित भविष्य का संदेश जायेगा



बल्कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहन मिलेगा। उक्त अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, पार्षद सतीश साहू, भुवन सिंग ठाकुर व नंदकिशोर वैष्णव सहित पालिका अधिकारी जफर खान, अभिषेक दास तथा बडी संख्या मे अन्य लोग उपस्थित थे।

## विधायक इन्द्र साव ने विष्णुदेव सरकार को शिक्षा विरोधी बताते हुये कहा कि सरकार युक्तियुक्तकरण के आड़ में निजी स्कूलों को लाभ पहुंचा रही है

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** कांग्रेस विधायक इन्द्र साव ने प्रदेश की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री पर राज्य की शिक्षित युवा पीढी के साथ क्रूर मजाक करने का आरोप लगाया है साव ने कहा है कि शासन शिक्षको की नई नियुक्ति नहीं करना चाहती है शासन के नये जारी आदेश के अनुसार नये सेटअप के तहत शिक्षको की न्यूनतम संख्या मे कटौती और युक्तियुक्तकरण के नये नियम शिक्षा के अधिकारो का उल्लंघन व हनन है प्रदेश की सरकार नही चाहती कि छत्तीसगढ के बच्चो को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके इसलिये निजी शिक्षण संस्थाओ को लाभ पहुंचाने के दृष्टिकोण से तथा सरकारी शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने का षड्यंत्र भाजपा सरकार द्वारा रचा गया है साव का कहना है कि सरकारी आंकड़ो के अनुसार ही 5484 स्कूल ऐसे है जो केवल एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे है वहीं प्रदेश मे 297 ऐसे स्कूल भी है जो पूरी तरह से शिक्षक विहिन है विष्णुदेव सरकार के पिछले सवा साल के कार्यकाल के दौरान एक भी पद नियमित शिक्षक के नियुक्त नहीं किये गये है विधानसभा मे 33 हजार शिक्षको की भर्ती की घोषणा करने के बावजूद यह प्रक्रिया भी दुर्भावना व रोक दी गई है और अब युक्तियुक्तकरण के नाम पर हजारो शासकीय स्कूलो को बंद करके बहुत



से शिक्षको के पद को समाप्त करने का अव्यवहारिक फै सला थोपा जा रहा है इन्द्र साव ने आगे कहा कि विष्णुदेव सरकार पहले शिक्षको को प्रमोशन देवे उनके लिये ट्रांसफ र पॉलिसी तय करे उसके बाद ही युक्तियुक्तकरण का फै सला लेवे साव ने कहा कि नये सेटअप के नाम पर स्कूलो मे शिक्षको के न्यूनतम पदो मे कटौती का आदेश भाजपा सरकार तुरंत वापस लेवे विधायक ने कहा कि स्कूलो को जबरिया बंद किये जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन स्कूलो मे संलग्न हजारो रसोईया स्वीपर और मध्यान्ह भेजन तैयार करने वाली महिलाये स्व सहायता समूह की माता बहनो के समक्ष जीवन यापन करने का संकट खड़ा हो जायेगा नये सेटअप के तहत सभी स्तर के प्रायमरी मिडिल हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलो मे शिक्षको के न्यूनतम पदो मे कटौती के चलते युवाओ के लिये नियमित शिक्षक के पद पर नई भर्ती के अवसर भी कम हो जायेंगे। शिक्षा के स्तर पर शासन का उक्त फैसला का बुरा असर पड़ना निश्चित है प्रदेश की अधिनायकवादी भाजपा सरकार मे इतना बडा अव्यवहारिक निर्णय से पहले न तो प्रभावित वर्ग से चर्चा की गई है और न ही प्रदेश के भविष्य के बारे मे सोंचा गया है। स्वयं सरकार के आंकडे के हिसाब से प्रदेश मे इस वक्त 58 हजार से अधिक शिक्षको के पद रिक्त है और उपर से हर महीने सैकड़ो की तादाद मे बुजुर्ग शिक्षक सेवानिवृत्त हो रहे है वहीं एक लंबे समय से शिक्षको का प्रमोशन रूका हुआ है साथ ही समयमान वेतनमान का विवाद अब तक शासन सुलझा नही पाया है ऐसे युक्तियुक्तकरण के नाम पर शिक्षको को सरकार डरा रही है वहीं प्रदेश मे शिक्षा का स्तर के बेडा को गर्क करने मे सरकार लगी है।

# ऑनलाइन सट्टा के लिए अकाउंट देने वाले गिरफ्तार

## दुर्ग पुलिस ने 15 युवकों को पकड़ा, भाजपा नेता बोले- सिर्फ गरीबों पर कार्रवाई

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** दुर्ग पुलिस ऑनलाइन सट्टा और अन्य साइबर फ्रॉड को लेकर लगातार कार्रवाई कर रही है। रविवार रात को वैशाली नगर पुलिस ने अपने बैंक अकाउंट किराए पर देने वाले 15 लड़कों को गिरफ्तार किया।

एक साथ 15 अलग-अलग घरों से युवकों की गिरफ्तारी के बाद पूरे वैशाली नगर और शांति नगर में अफरा-तफरी मच गई। सभी के घरवाले देर रात वैशाली नगर थाने पहुंचे। उन्होंने अपने बच्चों को छुड़ाने के लिए थाना प्रभारी से गुहार लगाई, लेकिन थाना प्रभारी ने साफ कहा कि उनके खिलाफ पूरे सबूत के बाद ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया है।

इसको देखते हुए उन लोगों ने भाजपा नेता और पूर्व पार्षद ललित मोहन को बुला लिया। ललित मोहन ने बताया कि उनके पास मोहल्ले के लोगों ने फोन किया कि पुलिस लड़कों को गिरफ्तार करके ले गई है। इसी मुद्दे को लेकर वो रात में थाने पहुंचे हैं।



ललित मोहन ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने खातों को किराए से देने को लेकर गिरफ्तारी की वो ठीक है, लेकिन पुलिस उन बड़े-बड़े लोगों को क्यों नहीं गिरफ्तार कर रही है, जो शहर में रहकर लाखों करोड़ों का सट्टे का काम कर रहे हैं। उनको पुलिस क्यों नहीं गिरफ्तार कर रही है।

### सिर्फ गरीब लोगों पर कार्रवाई

ललित मोहन ने कहा कि पुलिस कुछ नहीं कर रही है वो महादेव के नाम पर लीपापोती कर रही है। कुछ गरीब लोगों को गिरफ्तार कर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर रही है। पुलिस ये क्यों नहीं पता लगा रही है कि कौन वो लोग हैं जो इनके खातों का उपयोग कर रहे हैं। पुलिस बड़े गुनहगारों को छोड़कर छोटे लोगों को गिरफ्तार करने का काम कर रही है।



### *आरोपियों ने कहा धोखे से लिया गया उनका अकाउंट*

*पुलिस ने जिन लड़कों को गिरफ्तार किया उनका कहना है कि उन्होंने गदा चौक निवासी कुणाल सोनी और शास्त्री नगर निवासी कुणाल पटनायक को अपना खाता दिया था। दोनों खुद ही उन्हें केनरा बैंक लेकर गए थे और खाता खुलवाकर अपने पास रखा। उन्होंने उन्हें ये नहीं बताया कि वो इन खातों का उपयोग ऑनलाइन सट्टा या गलत काम में उपयोग किया है।*

### *आज हो सकता है खुलासा*

*इस बारे में जब वैशाली थाना प्रभारी अमित अंदानी से बात की गई तो उन्होंने कोई भी जानकारी देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि मामले का खुलासा किया जाएगा, उसी समय पूरी जानकारी दी जाएगी।*

# शिवरतन शर्मा के प्रयास से ग्रामीण सड़क के लिये 5 करोड़ रूपये की सौगात

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की दुर्गामी सोंच के चलते व उनके द्वारा सक्रिय रूप से किये गये प्रयास के फलस्वरूप राज्य शासन द्वारा लगभग 05 करोड़ रूपये के सड़क निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है शिवरतन शर्मा के प्रयास से स्वीकृत उक्त सड़क से जहां ग्रामीण जनजीवन को यातायात का सुलभ मार्ग मिल सकेगा वहीं गांववासी सहित क्षेत्रवासियो को सामाजिक शैक्षणिक व आर्थिक गतिविधियों के गति बढाने मे भी सहयोग मिलेगा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सिमगा ब्लाक के ग्राम अडबंधा से ग्राम चंदिया पथरा मार्ग लगभग 2.40 किलोमीटर के लिये दो करोड़ अस्सी लाख उन्हत्तर हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है उक्त राशि से अड़बंधा से चंदिया पथरा मार्ग का निर्माण होगा जिसमे पुल पुलिया भी शामिल है इसी तरह ग्राम अड़बंधा से ग्राम करहूल तक 1.80 किलोमीटर सड़क निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति शिवरतन शर्मा ने दिलाई है उक्त सड़क मे सड़क व पुल पुलिया सहित कार्य संपन्न कराये जायेंगे इसके लिये राज्य शासन ने दो करोड़ तीन लाख पचास हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। उपरोक्त दोनो मार्गो के बन जाने से क्षेत्र मे आवागमन की बेहतर सुविधा का लाभ ग्रामवासी के साथ साथ शहरवासियो को भी प्राप्त होगा उक्त मार्ग के बन जाने के बाद कृषि व्यापार शिक्षा स्वास्थ्य हाट बाजार व अन्य कार्य से आने जाने वाले सभी लोगो को सहूलियत मिलेगा। उपरोक्त महत्वपूर्ण सड़क मार्ग की स्वीकृति लाने के लिये शिवरतन शर्मा एक लंबे समय से प्रयासरत थे उक्त कार्य स्वीकृति पर आनंद यादव, अभिषेक दास, गोलू अवस्थी, राकेश तिवारी, सुनील यदू, पवन वर्मा, चन्द्रमणी तिवारी, योगेश अनंत, नारायण साहू, मथुरा यदू, छोटू यादव, नारायण पाल, आनंद बंजारे, मनोज चैबे, मोहन बांधे व आशीष जायसवाल सहित अन्य भाजपा नेताओं ने शिवरतन शर्मा तथा उपमुख्यमंत्री अरूण साव व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट किया है।

# हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी सरकार की 108 वीं जयंती

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** श्री रामहर्षण कुंज साजा में पंचरसाचार्य, प्रेमावतार, श्री रामहर्षण दास जी की 108 वीं जयंती 30 मई को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। शिष्यों, भक्तों द्वारा आचार्य चरण का पूजन किया गया। सरकार जी के जन्मोत्सव की बधाइयाँ गायी गयीं भजन कीर्तन किया गया तथा न्यौछावरी लुटायी गयी। इस अवसर पर महंत श्री वैष्णवदास जी ने सरकार जी की जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महापुरुष अपने पीछे विचारों का इतना बड़ा साहित्य छोड़ जाते हैं कि युगों तक वे अमर रहते हैं। यद्यपि स्थूल रूप से वे हमारे बीच नहीं है लेकिन उनकी वाणी, विचार तथा साहित्य प्रत्यक्ष रूप से हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। महापुरुषों की लीला, आचरण समाज का मार्ग प्रशस्त करता है। महंत जी ने कहा अनंत काल से महापुरुषों का इस धरा पर आगमन होता रहा है उनके बताए सिद्धांतों का अनुशरण कर हम अपने जीवन के लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं। सरकार का साहित्य पढ़ने पर हमें ज्ञात होगा कि अनेक ऐसे बिंदु, उदाहरण, संस्मरण मिलेंगे जो हमारा मार्गदर्शन करेंगे। स्वामी जी अपने यम नियम के पक्के थे। उनकी जयंती में हम सभी भगवान से प्रार्थना करें कि सरकार तो अनंत गुणों से विभूषित थे यदि उनके एक गुण भी हममें आ जाए तो हमारा जीवन धन्य हो जाएगा। इस अवसर पर साजा थानखम्हरिया दुर्ग रायपुर कवर्धा, गोंदिया एवं आसपास के अन्य स्थानों से भक्त आए हुए थे।



# शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर प्रशिक्षित बेरोजगारों का विशाल प्रदर्शन

## कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च कर सौंपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** छत्तीसगढ़ में शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर प्रशिक्षित डीएड-बीएड बेरोजगारों का आक्रोश आखिरकार सड़कों पर उतर आया। मंगलवार को छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड-बीएड संघ एवं कला कल्याण प्रशिक्षित संघ के संयुक्त बैनर तले जिला मुख्यालय बेमेतरा में सैकड़ों बेरोजगार प्रशिक्षितों ने एकजुट होकर शिक्षा व्यवस्था की बदहाल स्थिति और सरकार की उदासीनता के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

बेसिक मैदान से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च करते हुए प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और शिक्षा विभाग की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। प्रदर्शनकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा जिसमें शीघ्र शिक्षक भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग की गई।



### प्रदेश में शिक्षकों की भारी कमी, बेरोजगारों में आक्रोश

प्रदेश संयोजक श्रवण कुमार साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ की शिक्षा व्यवस्था दिनोंदिन गिरती जा रही है। शालाओं में शिक्षकों की भारी कमी है, जिसके कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं दूसरी ओर लाखों युवा डीएड व बीएड की डिग्री के साथ शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। उनका शिक्षक बनने का सपना अधूरा रह गया है। साहू ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र कोई निर्णय नहीं लिया, तो राजधानी में और बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा।

### घोषणाएं केवल कागज़ों तक सीमित

प्रशिक्षित बेरोजगारों ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने चुनावी घोषणा पत्रों में 57000 और 33000 शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था। विधानसभा में भी तत्कालीन शिक्षा मंत्री एवं वर्तमान में संसद सदस्य बृजमोहन अग्रवाल द्वारा शिक्षक भर्ती की घोषणा की गई थी।

### युक्तियुक्तकरण नीति पर गहरा विरोध

*प्रदर्शनकारियों ने हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा घोषित 10463 शालाओं के युक्तियुक्तकरण की योजना का कड़ा विरोध किया। बेमेतरा जिले की 360 शालाओं सहित राज्यभर में इस निर्णय को लेकर प्रशिक्षित युवाओं में गहरा रोष है। उनका कहना है कि युक्तियुक्तकरण से रिक्त पदों की संख्या घटेगी और इससे संभावित शिक्षक भर्ती पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। यह कदम शिक्षा क्षेत्र के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है।"*

लेकिन सत्ता में आने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्य योजना सामने नहीं आई है, जिससे युवाओं में गहरा आक्रोश है। ज्ञापन रैली में जिले भर से आए प्रशिक्षितों ने एक स्वर में भर्ती प्रक्रिया जल्द प्रारंभ करने की मांग की। इस प्रदर्शन में प्रदेश संयोजक श्रवण कुमार साहू, संभाग अध्यक्ष पूजा सागर, उपाध्यक्ष कैलाश साहू, सुखदेव साहू, सचिव प्रदीप पाठक, कोषाध्यक्ष दिलेश्वर वर्मा, संयोजक तारण साहू, उपाध्यक्ष डाकवर साहू, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष अंचल, राजकुमार नवागढ़, हेमू साहू, लोकेन्द्र कुमार, परमेश्वर पटेल, रूप सिंह पटेल, कमलेश पटेल, अरुण साहू, विनोद साहू, दीपक सिन्हा, हर्षा सिन्हा, कल्पना साहू, ललिता, तृषा, रजनी सहित सैकड़ों प्रशिक्षित बेरोजगारों ने भाग लिया।

### शिक्षा के अधिकार की लड़ाई जारी रहेगी

*प्रशिक्षित संघों ने चेतावनी दी है कि जब तक सरकार शिक्षक भर्ती को लेकर ठोस निर्णय नहीं लेती, तब तक यह आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा। यह केवल रोजगार की मांग नहीं, बल्कि प्रदेश के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और शिक्षा के अधिकार की लड़ाई है।"*

# अंडरब्रिज में रंगाई पुताई व सफाई नहीं होने से लोग हलाकान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के भाटापारा रेलवे स्टेशन अंतर्गत टेहका फाटक के पास बनाए गए रेलवे अंडर ब्रिज इन दिनो गंदगी व गोबर कचरा के ढेर से पटा हुआ है जिससे आवाजाही करने वाले तमाम लोगों को परेशानियों से जूझते हुये अंडर ब्रिज के रास्ते आना-जाना पड़ रहा है इस संबंध में रेलवे सूत्रों का कहना है कि रेलवे अंडरब्रिज टेहका फाटक के रख रखाव व साफ-सफाई की जवाबदारी स्थानीय पालिका प्रशासन की है और वहां पर जो भी गंदगी व अव्यवस्था आवाजाही के रास्ते में व्याप्त है उसका निदान पालिका प्रशासन के अधिकारी ही करेंगे बताया जाता है कि टेहका रेलवे फाटक के बार-बार बंद होने की वजह से होने वाली परेशानी को ध्यान में रख रेलवे अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है लेकिन अपने निर्माण कार्यकाल से टेहका अंडर ब्रिज में आम नागरिकों की तुलना में पशुओं की आवाजाही सैकड़ो की तादाद में होने से लोग इस रास्ते से आने-जाने के दौरान हमेशा भयभीत रहते हैं क्योंकि ज्यादातर समय रेलवे अंडर ब्रिज के



भीतर विभिन्न प्रकार के जानवर जिसमें भैंस भैंस सांड गाय बकरी कुत्ता तथा सूअर मौजूद रहते हैं वे सभी वहां पर धमा चैकड़ी मचाते हुए आपस में लड़ते-भिडते रहते हैं जिसके कारण इस अंडर ब्रिज के रास्ते से आने जाने वाले आम इंसानों को व वाहन चालकों को भारी मुसीबत से जूझना पड़ रहा है अंडर ब्रिज की एक लंबे समय से रंगाई पुताई व सफाई नहीं होने से संपूर्ण अंडर ब्रिज धूल के गुबार से भरा पड़ा हुआ है साथ ही उक्त अंडर ब्रिज में अंधेरे का साम्राज्य व्याप्त है जिसमें रात्रि के दौरान आवाजाही करने वालों को असामाजिक तत्वों से भी जूझना पड रहा है जनहित में टेंहका अंडर ब्रिज का रंगाई पुताई व सफाई प्राथमिकता से करते हुए वहां कड़ाई से जानवरों का प्रवेश प्रतिबंधित करते हुये केवल आम लोगो के लिये अंडरब्रिज को आवाजाही का साधन घोषित किया जाये साथ ही उक्त अंडरब्रिज के रास्ते से आने जाने वाले मवेशियो को सुरखी रोड पर ही आने जाने की विवश किया जाये ताकि लोग अंडरब्रिज से भयमुक्त होकर आवाजाही कर सके।

# सुहागिनों ने की वट सावित्री व्रत की पूजा, पति की दीर्घायु के लिए की 108 परिक्रमा



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखमरिया।** नगर में वट सावित्री व्रत का पर्व श्रद्धा, आस्था और परंपरा के साथ मनाया गया। नगर के विभिन्न वार्डों सहित वार्ड क्रमांक 2 स्थित प्राचीन राधाकृष्ण तालाब के समीप वट वृक्ष स्थल पर सोमवार को सौभाग्यवती महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। सैकड़ों सुहागिनों ने वट वृक्ष की 108 परिक्रमा कर अपने पतियों की लंबी उम्र और सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की।

सुबह से ही नगर में धार्मिक वातावरण बना रहा। सजी-धजी महिलाओं ने परंपरागत वेशभूषा में सजी मांग, चूड़ियों और मंगलसूत्र के साथ विधिपूर्वक व्रत रखा। महिलाओं ने कच्चे सूत की डोरी से वट वृक्ष की 108 बार परिक्रमा करते हुए पूजन किया और सावित्री-सत्यवान की पौराणिक व्रत कथा का श्रवण किया। इस पावन अवसर पर पंडित रामविलास शर्मा ने बताया कि वट सावित्री व्रत जेठ मास की अमावस्या को मनाया जाता है। यह पर्व स्त्री के सतीत्व, सेवा, और संकल्प शक्ति का प्रतीक है। देवी सावित्री ने इसी दिन अपने पति सत्यवान को यमराज से अपने तप और दृढ़ निष्ठा से वापस पाया था। यह पर्व भारतीय संस्कृति में स्त्री शक्ति की आस्था, प्रेम और समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत करता है। वट सावित्री व्रत न केवल धार्मिक परंपरा का निर्वहन है, बल्कि यह पति-पत्नी के रिश्तों में प्रेम, विश्वास और समरसता को भी मजबूती प्रदान करता है। नगर में मनाया गया यह पर्व सांस्कृतिक चेतना और पारंपरिक मूल्यों की जीवंत मिसाल बना।

# पनीर फैक्ट्री के पानी से 20 एकड़ खेत बंजर

## ग्रामीण बोले-बदबू से उल्टी हो रही, स्कूली बच्चे बेहोश होकर गिरे, केमिकल-युक्त पानी खेतों में फेंका

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के कपसदा गांव में पनीर फैक्ट्री से निकलने वाले केमिकल युक्त पानी ने पूरे गांव की सेहत, खेती और भविष्य को खतरे में डाल दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब और खेतों में जहरीला पानी डाला जा रहा है। कैवल्य फ्रेश नाम की पनीर फैक्ट्री के खिलाफ सैकड़ों ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है।

कपसदा गांव के खेतों में बहाए जा रहे केमिकल युक्त पानी से 20 एकड़ से अधिक खेत बंजर बन गए हैं। केमिकल युक्त पानी की बदबू इतनी भयंकर है कि गांव के लोगों का खाना तक खाना मुश्किल हो गया है। लोगों को उल्टियां हो रही है। स्कूली बच्चे बेहोश होकर गिर रहे हैं।

ग्रामीणों ने पंचायत में बैठक बुलाकर साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि अगर फैक्ट्री ने खेतों में पानी बहाना बंद नहीं किया, तो वे आंदोलन करेंगे। खेतों में उगने वाली फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं। कई किसानों की साल भर की मेहनत पर पानी फिर गया है।

### अब जानिए क्या है पूरा मामला ?

दरअसल, दुर्ग जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर कुम्हारी के कपसदा गांव के लोग श्री ऑर्गेनिक मिल्क एंड मिल्क प्रोडक्ट्स नाम की कैवल्य फ्रेश पनीर फैक्ट्री से परेशान हैं। इस गांव की आबादी करीब 3 हजार है। पनीर फैक्ट्री से निकलने वाले केमिकल युक्त पानी ने पिछले 2 साल से ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है।

फैक्ट्री से महज 500 मीटर पर स्कूल हाई स्कूल है, जहां इसी रास्ते से कई बच्चे आते हैं। कुछ दिन पहले ही फैक्ट्री से गंदा पानी छोड़ा गया, जिससे स्कूल जा रही बच्ची बदबू के कारण बेहोश होकर गिर गई थी, जिसे फौरन अस्पताल पहुंचाया गया था। इसी तरह ग्रामीण भी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। केमिकल युक्त पानी ले जाते टैंकर को पकड़ा ग्रामीणों का आरोप है कि कैवल्य फ्रेश फैक्ट्री से रात में टैंकर में भरकर केमिकल युक्त पानी निकलता है। टैंकर चालक उसे सुनसान जगह ले जाकर किसान के खेत में छोड़ देता है। इससे उनकी जमीन बंजर हो जा रही है। इसको लेकर किसानों ने रात में निगरानी शुरू की।



फैक्ट्री मालिक प्रियेश गुप्ता पंचायत में अपना पक्ष रखते हुए।

इसी दौरान 2 दिन पहले गांव के लोगों ने बाइक से दौड़ाकर एक टैंकर को पकड़ा और कुम्हारी पुलिस के हवाले किया। ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि वो फैक्ट्री से निकलने वाले गंदे पानी को लेकर दूर छोड़ने जा रहा था।

### पनीर उत्पादन का गांव में हो रहा विरोध

ग्रामीणों ने फैक्ट्री के अंदर बनने वाले पनीर के प्रोसेस का विरोध किया, लेकिन फैक्ट्री के मालिक प्रियेश गुप्ता ने उत्पादन बंद करने से इनकार कर दिया। इसके बाद पंचायत ने निर्णय लिया कि वो 30 जून तक फैक्ट्री से निकलने वाले केमिकल युक्त पानी का भराव खत्म करें।

इस दौरान पंचायत में ग्रामीणों की सहमति से फैक्ट्री मालिक को एक महीने का समय दिया गया है। पंचायत में कहा गया है कि फैक्ट्री के पानी से जो बदबू आ रही है, उसको बंद करें। अगर ऐसा नहीं हुआ तो उन्हें पनीर का उत्पादन पूरी तरह से बंद करना होगा।



फैक्ट्री की स्थिति सुधारने पंचायत ने दिया मौका

कपसदा ग्राम पंचायत के सरपंच भूपेंद्र कुंवर का कहना है कि यहां जो पनीर फैक्ट्री है, उसमें से वायु और जल प्रदूषण हो रहा है। इससे निकलने वाली बदबू से लोग परेशान हैं। इसलिए इस फैक्ट्री को स्थिति सुधारने का एक महीने का समय दिया गया है। नहीं पंचायत की ओर से एक्शन लिया जाएगा।

### फैक्ट्री मालिक ने कहा- उनके खुद के डेयरी फार्म

कैवल्य फ्रेश फैक्ट्री के मालिक प्रियेश गुप्ता का कहना है कि फैक्ट्री में दूध, दही, पनीर और घी का उत्पादन हो रहा है। फैक्ट्री से ट्रीटमेंट के बाद जो पानी निकलता है, वो बगल के खेत में भरा जाता है। अधिक समय तक जमा रहने से उस पानी से बदबू आने लगी है।



Shree Organics
KAIVALYA

प्रियेश गुप्ता का कहना है कि उनके खुद के डेयरी फार्म कलेक्शन सेंटर हैं। वहां से वो दूध अपना फैक्ट्री तक लाते हैं। शुद्ध दूध पैकेजिंग, दही, पनीर और घी को प्रोसेस करके बनाते हैं। केमिकल युक्त पानी होने का आरोप गलत है। फूड विभाग भी इसकी जांच कर चुका है। जांच में पूरे सैंपल सही पाए गए हैं।

### सुशासन तिहार कार्य म में भी की गई लिखित शिकायत

पनीर फैक्ट्री मालिक अपनी बातों में अडिग रहा। प्रोडक्शन बंद करने से इनकार किया, तो ग्रामीणों ने सुशासन तिहार कार्यक्रम में लिखित शिकायत की। यहां के निवासी दीपक साहू ने आवेदन में लिखा है कि पनीर फैक्ट्री से निकलने वाले केमिकल युक्त पानी को खेत में छोड़ा जा रहा है।

केमिकल युक्त पानी से खेत की फसल खराब हो रही है। खेत में पैदावार नहीं हो रही है। फैक्ट्री के पानी से इतनी बदबू आ रही है। लोग बीमार हो रहे हैं। शिकायतकर्ता ने शासन से मांग की है कि फैक्ट्री की जांच कर ग्रामीणों को इस परेशानी से राहत दिलाएं।



# एक पहल ऐसी भी:पोता-पोती व बहू का भविष्य संवारने जैन परिवार बहू के हाथ पीले करेगा, इंदौर से आएगी बारात

ब्यूरोचीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** दुर्ग के सराफा कारोबारी ने अपनी बहू की दूसरी शादी करने के निर्णय लिया है, जिससे बहू और पोता-पोती का भविष्य उज्ज्वल हो सके। रीति-रिवाज से कारोबारी अपनी बहू की शादी कराने जा रहे हैं। 5 जून को इंदौर से बारात आएगी। पूरी तैयारी हो गई है।

शादी के निर्णय में बहू की रजामंदी भी शामिल है। शादी का इंतजाम उसी तरह किया गया है, जैसे बेटी को विदा किया जा रहा है। बेटी की तरह बहू को जेवर, पैसा देने की तैयारी है। यहीं नहीं बहू और उसके दोनों बच्चों के लिए बाकायदा जैन परिवार ने एफडी भी करवा दी है,



जिससे उन्हें भविष्य में आर्थिक तंगी न झेलनी पड़े। दरअसल, जैन परिवार के बेटे की कोरोना से वर्ष 2021 में मौत हो गई थी।

इसके बाद से यह चिंता थी कि बहू और दो बच्चों का ?भविष्य कैसा होगा। इस वजह से बहू की शादी करने का निर्णय लिया गया। सराफा कारोबारी राजमल बोथरा ने बताया कि सबसे बड़े बेटे अंकित की शादी वर्ष 2012 में कवर्धा की वीना से हुई थी। शादी के बाद पोती अवन्या का जन्म हुआ। तीन साल बाद पोते आरव का जन्म हुआ। अचानक कोरोनाकाल में बेटा बीमार हो गया। करीब 5 दिन तक निजी अस्पताल में इलाज चला।

फिर बेटे को रायपुर के एक बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां 17 दिन बाद उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद बहू अपने मायके कवर्धा अपने पिता विनोद कुमार जैन के घर रहने चली गई। हम बुजुर्ग हो रहे हैं। ऐसे में बहू और पोते-पोती की चिंता हमेशा बनी रहती थी। इसी कारण बहू की शादी के बारे में घर और फिर समाज के कुछ लोगों से चर्चा की।

### दो मासूमों का भविष्य भी संवर जाएगा

***राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व पीठासीन सदस्य सोनल कुमार गुप्ता ने बताया कि बोथरा परिवार के इस निर्णय से दो मासूमों का जीवन भी पुन: प्रकाशमान होगा। छोटे बच्चों के लिए 'पिता' संपूर्ण सृष्टि होता है। आत्मबल होता है, क्योंकि बढ़ते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए माता और पिता दोनों का होना अति आवश्यक है।***

# स्कूल बंद हो रहे, शराब दुकानें खुल रहीं: पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू

ब्यूरोचीफ रतन कुमार



**दुर्ग।** पूर्व गृहमंत्री और दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक ताम्रध्वज साहू इन दिनों जनसंपर्क दौरे पर हैं। उन्होंने महमरा, चंगोरी, बिरेझर, बिरेझर भांठा, थनौद, अंजोरा ख, सिलोदा, खपरी, रसमड़ा और पीपरछेड़ी गांवों में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं। अपने कार्यकाल में स्वीकृत विकास कार्यों की स्थिति की जानकारी ली। साहू ने कहा कि दुर्ग ग्रामीण विधानसभा का चहुंमुखी विकास कांग्रेस सरकार की देन है। कांग्रेस सरकार में क्षेत्र की सभी मांगें पूरी की गईं। भाजपा सरकार आने के बाद विकास कार्य रुक गए हैं।

उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल में कृषि मंडी से लेकर स्कूल भवन, डोम शेड, हाट बाजार शेड, सामुदायिक भवन और सीसी सड़क निर्माण जैसे कार्यों के लिए 300 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली थी। इन कार्यों का भूमिपूजन और टेंडर भी हो चुका था। इसके बावजूद भाजपा सरकार ने सभी कार्य निरस्त कर दिए। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर हर वर्ग को लाभ पहुंचाया। अब स्कूल बंद हो रहे हैं। जगह-जगह शराब दुकानें खुल रही हैं। इस मौके पर नंद कुमार सेन, देवेंद्र देशमुख, प्यारी बाई निषाद, रविेन्द्र यादव, योगिता चंद्रकार, लक्ष्मी साहू, नर्मदा ठाकुर, मनसुख टांक, किशोरी देशमुख, दामिनी साहू, लीलावती देशमुख, हीरामन देशमुख, तुलसी देशमुख, इंद्रजीत साहू, मोहन हरमुख, हरेंद्र देव, हेमंत देशमुख, सुखदेव यादव, राजकुमार देशमुख, लाल जी गुप्ता, मोतिम बाल किशन निषाद, ममता साहू, अजय वैष्णव, डायमंड वैष्णव, भागवत साहू, रिझन ठाकुर, बाल किशन ठाकुर, भुनेश्वरी ठाकुर सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

*पुराने काम अधूरे, नया काम अब तक शुरू नहीं साहू ने कहा कि मनरेगा का काम बंद है। महिला समूहों को काम नहीं मिल रहा। युवाओं का बेरोजगारी भत्ता बंद कर दिया गया है। सरपंचों को काम नहीं दिया जा रहा। रीपा योजनाएं भी बंद कर दी गई हैं। कोई नया काम शुरू नहीं हो रहा। पुराने काम भी अधूरे पड़े हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर विकास कार्यों को गति नहीं दी गई तो दुर्ग ग्रामीण की जनता विरोध करने को मजबूर होगी। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही उनके जीवन का उद्देश्य है। वह पहले भी जनता के सेवक के रूप में काम करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।*

# शनि अमावस्या पर शनिदेव मंदिर में किया गया विशेष पूजा-अर्चना



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** शनि अमावस्या के पावन अवसर पर बरगा ग्राम स्थित तालाब किनारे विराजित शनिदेव मंदिर में भव्य धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति में शनिदेव की विशेष पूजा-अर्चना कर ग्रहशांति व सुख-समृद्धि की कामना की गई।

पूरे विधि-विधान के साथ पंडित नीलधर प्रसाद जी द्वारा शनिदेव की विशेष पूजन संपन्न कराई गई जिसमें मुख्य यजमान बिसाहू साहू सहपत्नी लक्ष्मीन साहू तथा अरूण साहू सहपत्नी कंचन साहू रहे। पूजन के उपरांत श्री सत्यनारायण व्रत कथा का पाठ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव से भाग लिया। कथा के पश्चात हवन व आरती के दौरान वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सभी श्रद्धालुओं को खीर, पूड़ी सहित विभिन्न व्यंजनों की प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने कहा कि शनिदेव की कृपा से जीवन में संतुलन, न्याय और शांति बनी रहती है। इस अवसर पर सहयोगीगण नेतराम साहू , घनश्याम साहू, भरत साहू, मोनु कुमार, गोपाल साहू, हरेंद्र साहू, रूपेश साहू, प्रमोद साहू, अजय साहू, उत्तम साहू, लालाराम, अमित साहू, भावेश साहू, सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# भिलाई में तलवार-पिस्टल लेकर घुसे गुंडे...चलाई गोली

*-घर में पत्नी-बच्चे थे, पति नहीं मिला तो फायर कर भागे, पुरानी रंजिश में वारदात*

**ब्यूरोचीफ रतन कुमार**

दुर्ग। भिलाई के छावनी थाना क्षेत्र के आदर्श नगर में एक शख्स को जान से मारने की कोशिश की गई। जब घर में वह व्यक्ति नहीं मिला तो गुंडों ने हवाई फायर किया और वहां से चले गए। घटना के बाद परिजन छावनी थाने शिकायत दर्ज करने पहुंचे। पुलिस ने एक 2 संदेहियों को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



**शिकायत करने पहुंचा सूरज सिंह**

जिसके घर में गोली चलने की घटना हुई है उसका नाम सूरज सिंह है। घटना के समय सूरज किसी काम से बाहर गया था। घर में उसकी पत्नी गोल्डी सिंह, बच्चे और मां ही थे। गोल्डी ने भास्कर को बताया कि रात 8 बजे के करीब वो घर में खाना बना रही थी। किचन की खिड़की सड़क की तरफ खुलती है। इसके चलते उसने देखा को दो बाइक में 4-5 गुंडे आए हैं। उनके हाथों में तलवार और डंडा था पिस्टल लेकर पहुंचा आरोपी गोल्डी ने देखा कि उनके साथ रविशंकर नाम का युवक था। रविशंकर गोल्डी के पति सूरज के साथ 6 महीने पहले मछली का व्यवसाय करता था, बाद में लेन-देन के विवाद के चलते उन्होंने व्यापारिक संबंध तोड़ दिया था। गोल्डी ने बताया कि रविशंकर के हाथ में पिस्टल था। वो आते ही दरवाजा पीटने लगा। गोल्डी ने उसे कहा कि सूरज नहीं है बाद में आना।

इसके बाद रवि और आग बबूला हो गया। वो गुस्से में दरवाजा पीटने लगा। बोला भाभी सूरज को बाहर निकालो आज वो उसे जान से मार देगा। इससे घर के लोग डर गए और लाइट बंदकर के अंदर छिप गए। दरवाजा ना खुलने से नाराज रवि गुस्से में बाहर निकला और सड़क में हवाई फायर किया। इसके बाद गाली-गलौज करते हुए वो और उसके साथी वहां से चले गए।

**व्यापारिक विवाद के चलते हुई घटना**

सूरज सिंह ने बताया कि 5-6 महीने पहले वो और रविशंकर साथ में मछली का व्यवसाय शुरू किए थे। बीत में पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद होने के चलते उसने उसके साथ काम बंद कर दिया। तब से रविशंकर उससे दुश्मनी रखता है। सूरज सिंह गोल्डी के साथ जाकर छावनी थाने में मामला दर्ज कराया है।

**रात भर सड़कों पर दौड़ी पुलिस की गाड़ियां**

*गोली चलने की घटना के बाद छावनी टीआई मोनिका पांडेय तुरंत अपनी टीम के साथ मौके पर गईं। उन्होंने अलग-अलग सिपाहियों को रविशंकर और अन्य गुंडो का पता लगाने के लिए भेजा। इसके साथ छावनी सीएसपी हरीश पाटिल और एएसपी सुखनंदन राठौर भी वहां पहुंचे। उन्होंने भी घटना स्थल और आसपास की जगहों का मुआयना किया। पुलिस ने एक दो संदेहियों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं रविशंकर फरार हैं। छावनी टीआई मोनिका पांडेय का कहना है कि पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।*

चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज का 54वां महाधिवेशन

# समाज ने भारत को एक सूत्र में पिरोने वाले लौहपुरुष सरदार पटेल दिए -सीएम साय

ब्यूरोचीफ रतन कुमार





दुर्ग जिले में चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज का 54वां महाधिवेशन आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मंत्री टंक राम वर्मा और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर भी पहुंचे। इस दौरान अजय चंद्राकर ने एसीबी की कार्रवाई को लेकर कहा कि, इसमें और तेजी लाने की जरूरत है।

दरअसल, दो दिवसीय सम्मेलन के अंतिम दिन रविवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का गज माला से स्वागत किया गया। जिस पर उन्होंने समाज के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने सरदार वल्लभ-भाई पटेल को याद करते हुए कहा कि, यह वही समाज है, जिससे भारत को एक सूत्र में पिरोने वाले लौहपुरुष सरदार पटेल निकले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र पर छत्तीसगढ़ सरकार पूरी ईमानदारी से काम कर रही है। उन्होंने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान' के माध्यम से ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। वैज्ञानिकों के सहयोग से नई तकनीकों को किसानों तक पहुंचाया जा रहा है

### कोदो कुटकी अब अमीरों की थाली का हिस्सा

मुख्यमंत्री ने दंतेवाड़ा में खुलने जा रही मिलेट फैक्ट्री की जानकारी देते हुए बताया कि, पहले जो कोदो-कुटकी सिर्फ गरीब किसानों का भोजन था, अब वह अमीरों की थाली में भी जगह बना चुका है। इसलिए सरकार अब इसे और प्रमोट कर रही है।

### भाजपा ने पेश किया डेढ़ साल के कार्यकाल का रिकार्ड

मुख्यमंत्री ने कहा कि, वे सुशासन तिहार के तहत प्रदेश के सभी 33 जिलों का दौरा कर चुके हैं। डेढ़ साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने पेश किया गया है। जो कार्य शेष हैं, उन्हें भी जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने महतारी वंदन योजना को लेकर कहा कि, महिलाएं इस योजना के पैसे का सदुपयोग कर रही हैं, जो सुनकर बहुत सुखद लगता है।

### पूर्व मंत्री ने कहा- भ्रष्टाचारियों पर और तेज कार्रवाई की जरूरत

लगातार चल रही एसीबी और ईओडब्ल्यू की कार्रवाई को लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा कि भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इसमें और तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो भी छत्तीसगढ़ को लूटेगा, उस पर उनकी सरकार कार्रवाई करेगी।

## जय अम्बे बस' सेवा द्वारा लोहारा से रायपुर, थानखम्हरिया से बेमेतरा हेतु नई बस सेवा प्रारंभ

**थानखम्हरिया।** यात्रियों की सुविधा हेतु जय अम्बे बस सेवा ने लोहरा से रायपुर तक एक नई नियमित बस सेवा शुरू की है। यह सेवा ग्रामीण क्षेत्रों को राजधानी रायपुर से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगी।

**यात्रा विवरण-**

लोहरा से रायपुर के लिए प्रस्थान समय- सुबह 06:00 बजे

रूट में पड़ने वाले प्रमुख स्थान-

लोहरा, विरेंद्रनगर, हरदी नवागांव, खम्हरिया

खम्हरिया से बस प्रस्थान समय- सुबह 07:15 बजे

अंतिम गंतव्य- बेमेतरा, सिमगा, रायपुर

रायपुर से वापसी का समय- दोपहर 02:38 बजे

**थानखम्हरिया से बेमेतरा सर्विस-**

क्षेत्रीय यात्रियों के लिए एक सुखद समाचार, अब जय अम्बे बस सेवा ने बेमेतरा से थानखम्हरिया और थानखम्हरिया से बेमेतरा के बीच नियमित और सुविधाजनक बस सेवाएं शुरू की हैं। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, बसों के समय की नई सूची जारी कर दी गई है।




बस सेवा की समय-सारणी इस प्रकार है-

बेमेतरा से थानम्हरिया के लिए

सुबह 07:00 बजे,सुबह 09:40 बजे,दोपहर 12:20 बजे,दोपहर 02:35 बजे

### थानखम्हरिया से बेमेतरा के लिए:

सुबह 08:10 बजे,सुबह 10:50 बजे,दोपहर 01:25 बजे,शाम 05:00 बजे इस नई सुविधा से स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और छात्रों को काफी लाभ मिलेगा। बसें समय पर चलेंगी और यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उक्त जानकारी रामगोपाल साहू, अध्यक्ष जिला परिवहन संघ बेमेतरा ने दी।

## 2026 में छत्तीसगढ़ में बनेगा विश्व का पहला 'माँ कौशल्या धाम' — संत राम बालकदास

### शासन-प्रशासन से सहयोग में विलंब, संस्थान ने व्यक्त की चिंता

प्रसिद्ध संत श्री राम बालकदास जी ने आज उज्जैन में बाबा महाकालेश्वर के दर्शन और पूजन उपरांत आयोजित एक प्रेस वार्ता में घोषणा की कि वर्ष 2026 में छत्तीसगढ़ के बालोद ज़िले के पाटेश्वर आश्रम में एक भव्य %माँ कौशल्या धाम% की स्थापना की जाएगी। यह धाम विश्व का प्रथम ऐसा तीर्थस्थल होगा, जहाँ भगवान श्रीराम की जननी माता कौशल्या की एक करोड़ रुपये की लागत से निर्मित विशाल प्रतिमा की स्थापना की जाएगी।

संत श्री ने बताया कि यह आयोजन न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि संपूर्ण भारत के लिए गौरव का विषय होगा। जब यह प्रतिमा स्थापित होगी, तब देश-विदेश से श्रद्धालु छत्तीसगढ़ की ओर तीर्थ यात्रा के लिए आकर्षित होंगे और यह स्थल वैश्विक धार्मिक मानचित्र पर एक नई पहचान बनाएगा।

इस अवसर पर उज्जैन महाकाल मंदिर के पुजारी श्री संजय महाराज ने भी अपने विचार रखते हुए कहा, पिछले 25 वर्षों से हम संत राम बालकदास जी को जानते हैं। उन्होंने जो संकल्प लिया है वह

आज 1 जून महाकाल उज्जैन दर्शन पुजन का सौभाग्य मिला



अभूतपूर्व है। माता कौशल्या के मंदिर हेतु 25 करोड़ की लागत से हो रहे निर्माण का प्रयास एक ऐतिहासिक पहल है। बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि यह संकल्प पूर्ण हो।

संत राम बालकदास जी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अल्प समय में जन भावनाओं को समझा है। किंतु उन्होंने यह भी चिंता व्यक्त की कि शासन-प्रशासन से अपेक्षित सहयोग में अब तक देरी हो रही है। उन्होंने कहा, अयोध्या में राम जन्मभूमि निर्माण हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने जिस प्रकार का समर्पण दिखाया, वैसा समर्पण छत्तीसगढ़ में नहीं दिख रहा — यह दुर्भाग्यपूर्ण है। शासन को चाहिए कि वह माँ कौशल्या धाम के निर्माण हेतु गंभीरता से समर्पित हो।

उन्होंने आगे बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई कई घोषणाएं दस माह पश्चात भी अमल में नहीं आ सकीं। जिला प्रशासन द्वारा कुछ कार्य प्रारंभ हुए हैं किंतु पूर्ण नहीं हो सके हैं। प्रशासन की उदासीनता के कारण संस्थान को कार्यों में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। माँ कौशल्या धाम के लिए मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, उड़ीसा समेत अनेक राज्यों से उत्साहजनक समर्थन मिल रहा है। संत श्री ने अपील की कि छत्तीसगढ़ की जनता एवं शासन-प्रशासन को भी इसी भावना के साथ आगे आना चाहिए, जिससे 2026 में यह ऐतिहासिक और आध्यात्मिक आयोजन निर्विघ्न रूप से संपन्न हो सके।

# अनेक यात्री ट्रेनें फिर रद्द यात्री होंगे हलाकान




**भाटापारा।** रेल प्रशासन द्वारा एक लंबे समय से विभिन्न यात्री ट्रेनो को रदद करने का सिलसिला अनवरत जारी है विभिन्न निर्माण कार्यो व रख रखाव मरम्मत कार्य के चलते अनेक यात्री ट्रेनो को एक बार फि र रदद किया गया है इसी क्रम मे आगामी ट्रेन संख्या 12532 लखनउ से चलकर रायपुर पहुंचने वाली गरीबरथ एक्सप्रेस ट्रेन को आगामी 02 जून सोमवार तथा 05 जून दिन गुरूवार के लिये रदद कर दिया गया है इसी प्रकार ट्रेन क्रमांक 12536 रायपुर से लखनउ जाने वाली गरीबरथ एक्सप्रेस ट्रेन को आगामी 03 जून मंगलवार तथा 06 जून शुक्रवार के लिये निरस्त किया गया है। ट्रेन क्रमांक 22867 हजरत निजामुददीन से चलकर दुर्ग पहुंचने वाली हमसफ र एक्सप्रेस ट्रेन को आगामी 03 जून मंगलवार व 06 जून शुक्रवार के लिये निरस्त किया गया है इसी तरह ट्रेन क्रमांक 22868 दुर्ग हजरत निजामुददीन हमसफ र एक्सप्रेस ट्रेन को 04 जून बुधवार व 07 जून शनिवार के लिये रदद कर दिया गया है। इसी प्रकार एक और महत्वपूर्ण ट्रेन क्रमांक 18213 दुर्ग अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन को आगामी 01 जून रविवार के लिये रदद कर दिया गया है इसी तरह ट्रेन क्रमांक 18214 अजमेर से चलकर दुर्ग आने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को 02 जून दिन सोमवार के लिये रदद कर दिया गया है कुछ इसी तरह ट्रेन क्रमांक 18205 दुर्ग नवतनवा एक्सप्रेस ट्रेन को 05 जून दिन गुरूवार को रदद कर दिया गया है ट्रेन क्रमांक 18206 नवतनवा दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन 07 जून शनिवार को रदद रहेगी। इस तरह अनेक महत्वपूर्ण ट्रेनो के रदद होने से दुर्ग रायपुर भाटापारा उस्लापुर बिलासपुर सहित अनेक महत्वपूर्ण रेल्वे स्टेशन के हजारो रेल यात्रियों को परेशानी से जूझना पडेगा।

## भाटापारा में की गई घोषणाओं पर अमल नहीं होने से नागरिकों में भारी रोष

**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र विकास के लिये पूर्व मे किये गये घोषणाओं पर शीघ्र अमल करने की मांग लोगो ने की है शासन द्वारा रायपुर बिलासपुर नेशनल हाईवे क्रमांक 130 से भाटापारा को जोड़ते हुये नेशनल हाईवे मार्ग बनाने की घोषणा कुछ अरसे पूर्व की गई थी इसी तरह पिछले दो वर्ष पूर्व राज्य शासन के बजट मे शिवनाथ नदी सेमरिया घाट पर नये उच्च स्तरीय पुल निर्माण की घोषणा प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री अरूण साव ने की थी लेकिन उक्त दोनो घोषणाओं का अब तक अमल नहीं हुआ है जबकि उपरोक्त महत्वपूर्ण घोषणाओं पर निर्माण प्रक्रिया आगे बढ जाना था इसी प्रकार सन 2013 मे कांग्रेस नेता नंदकुमार पटेल ने भाटापारा को स्वतंत्र व पृथक जिला बनाये जाने की घोषणा की थी उसी घोषणा पर क्रमश: पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी सहित अन्य नेताओं ने भी भाटापारा जिले के मुददे को सार्वजनिक सभा मे उठाते हुये पृथक व स्वतंत्र जिला बनाये जाने की घोषणा की थी लेकिन उक्त तमाम नेताओं के घोषणा के बावजूद आज तक भाटापारा जिले का स्वतंत्र अस्तित्व नहीं बन पाया है जबकि भाटापारा से एक चैथाई कम आबादी के अनेक छोटे छोटे कस्बे व क्षेत्र को जिले का एक के बाद एक दर्जा मिल गया है सभी दृष्टिकोण से परिपूर्ण व सक्षम होने के बावजूद भाटापारा को अब तक जिले के रूप मे अस्तित्व नहीं मिलने से क्षेत्रवासियो मे भारी रोष व्याप्त है जबकि अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से भाटापारा को स्वतंत्र व पृथक जिला बनाये जाने की अनुशंसा दुबे आयोग द्वारा भी की गई थी इसके पूर्व भी अंग्रेज शासन काल मे सन 1935 तक जब भाटापारा बिलासपुर जिले मे शामिल था उस वक्त भी कांग्रेस के तत्कालिन नेता स्व. रविशंकर शुक्ल ने भाटापारा को रायपुर जिला मे शामिल करते वक्त कहा था कि आगे चलकर भाटापारा को पृथक व स्वतंत्र जिला बना दिया जायेगा इस तरह भाटापारा जिला निर्माण की मांग पिछले 90 वर्ष पुरानी मांग है और तो और तत्कालिन गृहमंत्री के रूप मे स्व. नंदकुमार पटेल ने कहा था कि प्रदेश मे जब भी नये जिले का निर्माण होगा उसमे 26 वां जिला भाटापारा होगा लेकिन झीरम घाटी हमले मे शहीद होने के बाद भाटापारा जिले का सपना नंदकुमार पटेल के साथ ही क्षीर्ण हो गया उनके घोषणा पर अमल करने कांग्रेस शासन के कर्ताधर्ता लोगो ने उचित नहीं समझा फलस्वरूप अनेक आंदोलन धरना प्रदर्शन जनता कफ्र्यू, बंद रास्ता रोको आंदोलन के बावजूद भाटापारा को उसका वाजिब हक आज तक नहीं मिल पाया है जनहित मे अब स्वतंत्र व पृथक भाटापारा जिला की घोषणा शासन शीघ्र करें।

## महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन

**भाटापारा।** शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अथर्शास्त्र विभाग द्वारा द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं हेतु अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आनंद मिंज के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का संचालन किया गया है। जिसमें आमंत्रित वक्ता डॉ. रविन्द्र ब्रम्हे, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र अध्ययनशाला, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर ने सुटेबल डेव्हलपमेंट गोल विषय पर व्याख्यान दिया जिन्होंने सतत विकास लक्ष्य वर्तमान पीढ़ी गरीबी, भूख और असमानता, शिक्षा स्वास्थय, वैश्विक आर्थिक और सामाजिक स्थिरता पर प्रकाश डाला। द्वितीय वक्ता डॉ. अंशुमाला चंदनगर, सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, शासकीय वामनराव ताम्रक र स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग ने इंडियन इकोनामी एंड न्यू डाईमेंशन इन रूरल डेव्हलपमेंट विषय पर व्याख्यान दिये उन्होंने भारत के वर्तमान आर्थिक परिदृश्य पर चर्चा करते हुये आर्थिक, विकास, गरीबी व रोजगार के अवसर एवं वैश्विकरण आदि पर विस्तृत चर्चा की। विभागाध्यक्ष डॉ. शशि किरण कुजूर ने अतिथि वक्ताओं के विषय में संक्षिप्त जानकारी प्रदान करते हुये अर्थशास्त्र परिषद की गतिविधियों से अवगत कराया। मंच का संचालन राजू एवं विनती मिश्रा ने किया एवं सुश्री इंद्राणी मरकाम ने छात्र-छात्राओं का व्याख्यान विषय की उपयोगिता को बताते हुये वक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अश्वनी शर्मा ने संजय वार्ड में निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया

**भाटापारा।** नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने शुक्रवार को पालिका क्षेत्र अंतर्गत संजय वार्ड मे विभिन्न निर्माण कार्यो के लिये भूमिपूजन किया। उक्त अवसर पर उन्होने कहा कि चुनाव के पूर्व हमने संकल्प लिया था कि आम नागरिको के हित मे मुलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण किया जायेगा इसी सिलसिले मे संजय वार्ड मे विभिन्न निर्माण कार्यो का विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। इस निर्माण कार्य के पूर्ण हो जाने से वार्डवासियो को बेहतर सुविधायें प्राप्त हो सकेंगे उक्त अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबडिया, पार्षद श्रेणिक राजेन्द्र गोलछा, सतीश साहू, बब्बू मंधान, भुवन सिंग ठाकुर, नंदकिशोर वैष्णव, ब्लाक भाजपा अध्यक्ष योगेश अनंत, मोहन बांधे, राकेश तिवारी, प्रदीप टाटिया, वल्लभ लाहोटी, राधेश्याम फ ग्गा, पूर्व पार्षद सुशीला सोनी, रागिनी डोंडे, आयशा खान व नीरा साहू सहित बडी संख्या मे गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### अमरजीत छाबड़ा के पदभार के दौरान अनेक लोग हुये उपस्थित

**भाटापारा।** छत्तीसगढ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के विशेष उपस्थिति मे अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर गृहमंत्री ने अल्पसंख्यक वर्ग के लिये एक हास्टल का भी उदघाटन किया उक्त अवसर पर भाटापारा सिक्ख समाज के लोग भी बडी तादाद मे उपस्थित थे। जिसमे अमरजीत सिंग सलूजा, मनमीत सिंग, रविन्द्र सिंग, राजा चावला सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### अश्वनी शर्मा ने निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण

भाटापारा। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने शहर में चल रहे विभिन्न कार्यों का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंद पडे अंडरब्रिज गार्डन सौंन्दर्यीकरण और अन्य निर्माण कार्यो का निरीक्षण व अवलोकन करते हुये अधिकारी कर्मचारी व निर्माण कार्य मे लगे संबंधित ठेकेदार को निर्देशित करते हुये कहा कि सभी कार्य समयबद्ध एवं निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार पूरा किया जाये। अश्वनी शर्मा ने यह भी कहा कि विकास कार्यो मे किसी भी प्रकार की लापरवाही या मापदंण्ड से समझौता बर्दाशत नहीं किया जायेगा मौका निरीक्षण के पश्चात अश्वनी शर्मा ने आम नागरिको से भी मुलाकात कर उनकी समस्याओं व सुझाव को गंभीरता से सूना व सभी समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश अधिकारियो को दिये। उक्त अवसर पर अश्वनी शर्मा के साथ अनेक पार्षद व पार्टी कार्यकर्ता एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### कांग्रेस भवन में झीरम के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई

**भाटापारा।** स्थानीय कांग्रेस भवन मे झीरम घाटी हमले मे 25 मई 2013 को शहीद हुये कांग्रेस नेता महेन्द्र कर्मा, विद्याचरण शुक्ला, नंदकुमार पटेल, उदय मुदलियार, गोपी माधवानी, गनपत नाग, अभिषेक गोलछा, मोहम्मद अलानुर, योगेन्द्र शर्मा, दिनेश पटेल, सदासिंग नाग, भागीरथी नाग, मनोज जोशी व राजकुमार श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे विधायक इंन्द्र साव, राजकुमार शर्मा, आलोक मिश्रा, नवीन बख्श, हंसराज बंसल, राजेन्द्र वर्मा, वैभव केशरवानी, अरूण यदू, सुशील शर्मा, दिवाकर मिश्रा, सचिन्द्र शर्मा सहित बडी संख्या मे कांग्रेसजन मौजूद थे।



# भाटापारा में सड़क पर खड़ी बसों को बस स्टैंड में शिफ्ट करने की मांग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** अब जबकि वर्षा ऋतु का मौसम नजदीक है इसके पहले कृषि उपज मंडी के समीप स्थित जर्जर हालत वाले बस स्टैंड को यात्रियों के हित मे व्यवस्थित करते हुये अति शीघ्र वहां पर बस का ठहराव हो सके ऐसी व्यवस्था बनाने के लिये पालिका प्रशासन को प्राथमिकता से काम करना चाहिये वर्तमान मे उक्त पुराने बस स्टैड की हालत पूरी तरह जर्जर स्थिति मे है साथ ही वहां पर बस के स्थान पर अनेक प्रकार के सब्जी व मांसाहारी दुकानो का कब्जा हो गया है कुछ वर्ष पूर्व वहां से प्रशासन द्वारा कब्जा हटाया गया था लेकिन स्थिति एक बार फि र जस की तस हो गई है फ लस्वरूप भाटापारा से मुंगेली, भाटापारा से बिलासपुर, भाटापारा से पथरिया, भाटापारा से बेमेतरा, भाटापारा से नवागढ, भाटापारा से करहीबाजार, भाटापारा से खरोरा, भाटापारा से मउ मल्दा, बदनारा तथा भाटापारा से बलौदाबाजार के बीच चलने वाली तमाम यात्री बसों को सड़क पर से ही बिठाया व उतारा जा रहा है फ लस्वरूप बस यात्रियों को बस स्टैड के अभाव मे कड़ी धूप व बरसात के बीच सड़क पर ही बस मे चढ़ना व उतरना पड़ रहा है बस के इंतजार मे सैकड़ो यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने से होटल पान ठेला व ढाबा तथा अन्य दुकानो के पास खडे होकर बस का इंतजार करते रहते है वहीं बस स्टैड मे किसी भी प्रकार की प्रसाधन सुविधा नहीं होने से महिला यात्रियो को परेशानी का सामना अधिक करना पड़ रहा है जनहित मे नगर मे हाईटेक बस स्टैड निर्माण की मांग एक अरसे से जारी है लेकिन इस दिशा मे अब तक कोई ठोस प्रयास व ध्यान नहीं दिये जाने से शहर मे व्यवस्थित रूप से बस स्टैड नहीं होने से यात्रियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। लोकहित मे अतिशीघ्र मंडी के पास स्थित पुराने बस स्टैड मे शहर के विभिन्न हिस्सो मे पडे पक्के मलबा को वहां पर पटककर बस स्टैड के बडे बडे गडढे को समतलीकरण कर बरसात के पूर्व ऐसी व्यवस्था बनाई जाये ताकि सभी यात्री बसे बस स्टैड के भीतर ही खडे हो सके और वहीं से सवारी बैठे एवं बसों से उतरे क्योकि नये सत्र का स्कूल कालेज प्रारंभ होने के बाद सड़क पर यात्री वाहनो का दबाव और अधिक बढ जायेगा इसलिये प्राथमिकता के साथ वैकल्पिक तौर पर अभी बस स्टैड को व्यवस्थित करने की दिशा मे कार्य होना चाहिये।

## कांग्रेसियों ने मनाई नेहरू की पुण्य तिथि



**भाटापारा।** स्थानीय कांग्रेस भवन मे देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्य तिथि मनाई गई इस अवसर पर देश के प्रति उनके योगदान को याद करते हुये कांग्रेस विधायक इन्द्र साव ने उन्हे आधुनिक भारत का निर्माता बताया व कहा कि उनके कार्यकाल मे विज्ञान तकनीकी सुपर कंम्प्यूटर आईआईटी आईआईएम एम्स इसरो सहित बडे बडे बांध व बिजली घरो का निर्माण कर देश को प्रगति की मार्ग पर ले जाया गया उपरोक्त कार्यक्रम मे राजकुमार शर्मा, रोशन हबलानी, आलोक मिश्रा, नितीन शुक्ला, गेंदू साहू, वैभव केशरवानी, मनमोहन कुर्रे, मोहन निषाद, विमल शर्मा, पप्पू चैहान, मुकेश साहू, किरीत वर्मा, खोमेश साहू, ओमप्रकाश यदू, गिरीराज चावड़ा, रवि ध्रुव, चंन्द्रशेखर चक्रधारी, राजेन्द्र वर्मा, नवीन बख्श व दिवाकर मिश्रा सहित बडी संख्या मे अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता व कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के तमाम नेता उपस्थित थे।

## अश्वनी शर्मा ने कहा कि नगर विकास हम सब की जवाबदारी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुये। उक्त अवसर पर उन्होने कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने हेतु मेरी प्राथमिकताएं आज भी कायम है उक्त संस्थान द्वारा नगर के नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन करने का कार्यक्रम निश्चित रूप से हम सभी जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी को और अधिक बढा देता है। कार्यक्रम में राजयोग, आध्यात्मिक अनुभूति, स्वल्पाहार और सारगर्भित उद्बोधन के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। अश्वनी शर्मा ने अपने संबोधन में आगे कहा कि नगर की सफाई व्यवस्था केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक संकल्प है जिसे हम सभी को मिलकर निभाना होगा। राजयोग की शांति और स्वच्छता की शक्ति, समाज को एक नई दिशा देने में सक्षम है। अश्वनी शर्मा ने आगे कहा कि नगर की तमाम समस्याओं को हल करने के लिये हमे सभी के जवाबदारी से आगे बढकर काम करना है। यह एक संकल्प है जिसे हम सभी को मिलकर निभाना होगा। राजयोग की शांति और स्वच्छता की शक्ति, समाज को एक नई दिशा देने में सक्षम है। इस समारोह में बड़ी संख्या में नगरवासी, ब्रह्माकुमारी परिवार के सदस्य, एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आयोजन का उद्देश्य नगर के नवचयनित नेतृत्व को आध्यात्मिक मूल्यों एवं सामाजिक कर्तव्यों की ओर प्रेरित करना था। इस अवसर पर स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता, नारीशक्ति, और आत्मिक सशक्तिकरण जैसे विषयों पर भी प्रकाश डाला गया।

# कलेक्टर पहुंचे ग्राम गुडेलिया के सुशासन तिहार में

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने प्रशासन द्वारा सुशासन तिहार समर कैम्प का 10 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को निरू शुल्क सेल्फ डिफेंस, योगा, साइबर क्राइम एवं कैरियर काउंसिलिंग की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी मे सोमवार को ब्लाक के आदर्श ग्राम पंचायत गुडेलिया मे समर कैम्प का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे जिला कलेक्टर दीपक सोनी, सरपंच संकेत अग्रवाल सहित उपस्थित अन्य अतिथियों के द्वारा भारत माता के छायाचित्र मे पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उक्त अवसर पर युवाओं ने 10 दिवसीय समर कैम मे सीखे हुये हुनर जिसमें जुम्बा डांस, सेल्फ डिफेन्स कराटे, योगा आदि का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम मे समर कैम्प के दौरान आयोजित खेल प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को मैडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि ग्रामीण युवाओं को मंच देने तथा उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिये जिला प्रशासन द्वारा सुशासन तिहार समर कैम का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण मे 6 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया जिसमें गुडेलिया भी शामिल है। समर कैम्प के समापन के दिन कलेक्टर दीपक सोनी गुडेलिया पहुचे जहाँ पंचायत के मूलभूत जन सुविधाओं का भी निरीक्षण किया जिनमें मुख्य रुप से पंचायत भवन, जिम, लाईब्रेरी, महिला अजीविका केन्द्र, हमर क्लिनिक, अटल सुविधा, पटवारी कार्यालय, आँगनबाड़ी केन्द्र व स्कूल सहित सभी उपलब्ध संसाधनों का भ्रमण किया जिसके पश्चात उन्होंने उपस्थित लोगों सम्बोधित करते हुये कहा कि आदर्श ग्राम पंचायत गुडेलिया अन्य पंचायतो के लिये प्रेरणा एवं माडल है अगर अच्छे जनप्रतिनिधित्व किसी पंचायत को मिलता है तो उस पंचायत का विकास कई गुणा बढ जाता है इस कार्य के लिये पूरे पंचायत समिति को बधाई देता हूँ हम ग्राम पंचायत को दौरा कर रहे है परंतु ग्राम पंचायत गुडेलिया की सुविधाएं देख के ऐसा लग रहा की हम किसी नगर पालिका या नगर पंचायत में है एक ग्राम पंचायत के होने के बाद भी शहर जैसी हर मूलभूत सुविधा का लाभ ग्रामवासियों को मिल रहा है वही स्वास्थ्य व शिक्षा का मजबूत होने से हर कठिन से कठिन लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है सर्व सुविधा युक्त गुडेलिया पंचायत शिक्षा के साथ साथ हर स्तर पर आगे बढे इसकी मे अपेक्षा रखता हूं। उन्होंने आदर्श ग्राम पंचायत गुडेलिया की सराहना करते हुए पंचायत के विकास कार्यों को अनुकरणीय बताया। युवाओ के रूचि के अनुसार इस समर कैम का अन्य पंचायतों मे विस्तार किया जाएगा। उन्होने कहा कि समर कैम्प मे बच्चों ने गर्मी की छुट्टी का अच्छा सदुपयोग किया है। भले ही यह 10 दिन का प्रशिक्षण था लेकिन इससे बहुत सीखने का मौका मिला हैं। युवा अपनी शक्ति सही दिशा मे लगाएंगे तों स्वयं सफल होंगे इसके साथ ही समाज, गांव व प्रदेश का अच्छा नागरिक भी बनेंगे। इस अवसर पर डीईओ हिमांशु भारतीय, जनपद सीईओ हिमांशु वर्मा, सीईओ एवं सलाहकार डॉ. मयूर गुप्ता,सुश्री सुप्रिया कुकरती सहित अन्य अधिकारी, स्कूली बच्चे एवं बड़ी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।

# राशन दुकानों में तीन महीने के राशन एकमुश्त देने का स्वागत लेकिन साथ में शक्कर व नमक एवं अन्य सामाग्री नहीं मिलने से उपभोक्ताओं में नाराजगी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** प्रदेश सहित भाटापारा क्षेत्र में भी शासन के निर्देश पर पात्र राशन कार्ड धारी को जून महीने से जून जुलाई अगस्त 3 महीने का एक मुश्त चावल वितरण राशन दुकान के माध्यम से करने का आदेश जिला प्रशासन द्वारा जारी कर दिया गया है इस संबंध में तमाम पीडीएस केंद्र में अब हितग्राहियों को 3 महीने का राशन शासन के निर्देश पर एक मुश्त देने के लिए तैयारी शुरू हो गई है शासन ने इस वर्ष भारी बारिश की आशंका के बीच बारिश के दौरान राशन लेने में हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसको ध्यान में रखते हुए एक मुश्त जून जुलाई अगस्त महीने का राशन देने का निर्देश खाद्य विभाग को दिया है बताया जाता है कि अनेक गांव के राशन कार्ड हितग्राही बरसात में खेती किसानी में व्यस्त होने के साथ-साथ आवागमन के विभिन्न प्रकार के बाधाओं के चलते पीडीएस केंद्र तक नहीं पहुंच पाते ऐसे लोगों को एक मुश्त राशन मिल जाने से जहां बरसात के दौरान पानी में भीगने यातायात बाधित होने बाढ़ आने व कीचड़ में लंबी दूरी सफर तय करने जैसी मुश्किलों से निजात मिल सकेगा। इस बीच पीडीएस केंद्र मे पदस्थ विक्रेताओं का कहना है कि शासन के आदेश के अनुसार वे चावल वितरित करने की तैयारी में लगे हैं लेकिन पीडीएस सिस्टम के थंब मशीन में आए दिन सर्वर डाउन होने के साथ-साथ तीन महीने का तीन बार अंगूठा निशान लगाने की प्रक्रिया में विलंब होना स्वाभाविक है जिससे भारी भीड़ के साथ-साथ परेशानी भी उठाना होगा इस बीच सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि पीडीएस सिस्टम में केवल 3 महीने का चावल देने का प्रावधान है बाकी अन्य सामग्री जिसमें शक्कर व नमक सहित कुछ अन्य आइटम है उनको लेने के लिये उपभोक्ताओं को आखिर एक बार फिर राशन दुकान का चक्कर काटना पड़ेगा इसको लेकर राशन कार्ड धारी उपभोक्ताओं में नाराजगी इस बात के लिये है कि जब 3 महीने का एक मुश्त चावल दिया जा रहा है तो उसी के साथ ही 3 महीने का शक्कर व नमक तथा अन्य सामग्री भी उसी वक्त वितरित किया जाना चाहिए तब ही शासन की योजना से उपभोक्ता संतुष्ट हो सकेंगे अन्यथा अन्य राशन सामग्री के लिए हर महीने फिर राशन दुकान के चक्कर काटने का सिलसिला लोगों को परेशानी में डालने वाला कदम साबित होगा जनहित में समस्त पीडीएस केंद्र में 3 महीने के चावल के साथ-साथ शक्कर व नमक का भी वितरण एक मुफ्त किया जाना चाहिए। बताया जाता है कि एक मुश्त चांवल वितरण करने के संबंध मे पीडीएस मे पदस्थ दुकानदारो के लिये थंब प्रक्रिया व अन्य निर्देश अभी आने बाकी है संभव है शासन की ओर से प्रक्रिया के सरलीकरण के लिये कोई रास्ता निकाल लिया जायेगा।

# मंत्री जायसवाल ने भाटापारा के प्रकाश व्यवस्था के लिये 50 लाख व दीन दयाल उपाध्याय वार्ड में श्मशान घाट निर्माण के लिये 20 लाख दिये

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर के माता देवालय वार्ड स्थित सर्कस मैदान तथा निकटवर्ती ग्राम खोखली मे सुशासन तिहार के तहत समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा शामिल हुये। इस दौरान उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुये श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि शासन की मंशा है कि अंतिम पंक्ति मे खडे व्यक्ति तक शासन की तमाम योजनाओं का लाभ पहुंचे प्रदेश की विष्णु देव सरकार द्वारा इसी संदर्भ मे सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है। इस समस्या समाधान शिविर मे सीधे जनता से संवाद करते हुये जन समस्याओं से जुडी समस्याओं को त्वरित तौर पर निदान किया जा रहा है। भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि विष्णुदेव सरकार प्रदेश की संवेदनशील सरकार है और यह सीधे आमजन की समस्याओं को सुनने आम जनता तक पहुंच रहीं है और समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने का प्रयास भी किया जा रहा है उन्होने देश व प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनने के बाद संपूर्ण देश प्रदेश व क्षेत्र मे हो रहे विकास कार्यो का ब्यौरा देते हुये कहा कि भाटापारा क्षेत्र मे जितने भी बडे विकास के कार्य हुये है वे भाजपा शासनकाल की देन है। उपरोक्त अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भी अपने संबोधन मे कहा कि समस्या समाधान शिविर मे आम जन की समस्या को सीधे सुनकर उसका त्वरित निराकरण किया जा रहा है नागरिको के स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, पेंशन संबंधी प्रकरण, राशन संबंधी व अन्य महत्वपूर्ण समस्याओं से जुडी प्रकरणो का निराकरण होना इस बात के पुख्ता सबूत है कि भाजपा जो कहती है वह करती भी है शर्मा ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र हितग्राहियो को आयुष्मान कार्ड वितरित किये गये है जिससे कि उन्हे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओ का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होने यह भी कहा कि शासन प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास बढ रहा है इस शिविर मे बडी संख्या मे आम नागरिको की उपस्थिति इस बात का संकेत देता है समस्या समाधान शिविर मे पहुंचे चिकित्सा मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने भाटापारा शहर की प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ करने हेतु 50 लाख रूपये देने के साथ ही पालिका क्षेत्रांतर्गत दीन दयाल उपाध्याय वार्ड मे श्मशान घाट निर्माण हेतु 20 लाख रूपये की राशि देने की घोषणा की। उक्त अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष भेला वर्मा, पार्षद मनीष मिश्रा, योगेश अनंत, आशीष टोडर, भुवन सिंग ठाकुर, पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबडिया, गोविंद पटेल, महाबलदास बघेल, नंदकिशोर वैष्णव के अलावा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, कलेक्टर दीपक सोनी के अतिरिक्त विभिन्न विभागो के अधिकारी कर्मचारी तथा सिविल हास्पिटल के डाक्टर राजेन्द्र माहेश्वरी भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### इन्द्र साव शामिल हुये ब्रम्हकुमारी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में

**भाटापारा।** प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मन की चेतना को स्थिर कर साक्षात भगवान के दर्शन कराने वाला संस्थान है, यहां पर आने के बाद मोह माया,तेरा मेरा जैसे विचार नहीं आते उक्त बाते विधायक इंद्र साव ने राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कही। विधायक साव ने यहां पर आयोजित परिचर्चा के दौरान कहा कि कहा कि शत प्रतिशत स्वच्छता एक बडी चुनौती है सरकार योजनाए बनाती है उसे धरातल पर अमल मे लाने हम सब का प्रयास दायित्व है। बिना भेदभाव के नगर के विकास और सौंदर्यीकरण को बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सब की सहभागिता पर निर्भर है। जनता के हितों को ध्यान में रखते हुये हम सब को धरातल पर देखने की आवश्यकता है, सरकार आते जाते रहती और अधिकारी भी बदलते रहते है लेकिन हम सब यही रह जाते है हमें शहर विकास और नगर के सौंदर्यीकरण के लिये राजनीति का चश्मा हटाने की सख्त आवश्यकता है, तब कही हम अपने शहर के विकास की गाथा बुन सकेगे। विधायक साव ने इस दौरानअपने चार बार के पार्षद कार्यकाल की उपलब्धि और अनुभव को बताते हुये कहा कि जनता पालिका अध्यक्ष और विधायक के पास बहुत कम पहुंचती है क्योंकि उनके वार्ड का पार्षद जितनी ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करेगा, उतना ही तेजी से उस वार्ड का ना केवल विकास होगा बल्कि शहर विकास का पहिया भी वही से घूमना चालू हो जायेगा।



### केन्द्रीय मंत्री से सम्मानित हुये एस के यादव

**भाटापारा।** केन्द्रीय उपभोक्ता मामले के मंत्री खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन और नवीकरणीय उर्जा मंत्री बीएल वर्मा उपभोक्ता मामले एवं खाद्य सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय की श्रीमती नीमू बेन जयंती भाई बांभणिया द्वारा दिल्ली के प्रगति मैदान मे गत दिनो सेंन्ट्रल वेयर हाउस के श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान किया गया जिसमे भंण्डार गृह प्रबंधक एसके यादव को मंत्रीगण द्वारा सम्मानित किया गया। एसके यादव को सम्मान प्राप्त होने पर भंण्डार गृह के जमाकर्ता भारतीय खाद्य निगम छत्तीसगढ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड छत्तीसगढ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन व सेन्ट्रल मेडिकल सोसायटी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। एसके यादव को भंण्डारगृह मे जमा किये जाने वाले राईस मिलर्स की ओर से भी शुभकामनायें व बधाई संदेश प्रेषित किये गये है।



### जांजगीर रैली में स्थानीय कांग्रेसजन हुये शामिल

**भाटापारा।** जांजगीर में आयोजित प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, सचिन शर्मा, दिवाकर मिश्रा, वैभव केशरवाणी शामिल हुये।



### सिंगारपुर स्कूल में चलित तारामंडल का शो संपन्न

**भाटापारा।** जिला प्रशासन के निर्देश पर शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारपुर में विद्यार्थियों के लिये चलित तारामंडल 3डी शो का आयोजन प्रातरू 8 बजे से 1 बजे तक किया गया। जिसमे 370 छात्र-छात्राओं ने गुंबदनुमा डोम में प्रवेश कर आकाशीय रहस्यों ब्रम्हाण्ड, ग्रहों, तारों व अंतरिक्ष अभियानों से जुड़ी रोचक जानकारियों 3डी के रूप में देखी। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये आयोजन की सराहना की। उक्त जानकारी प्रभारी प्राचार्य संजय तिवारी ने दी है।



**आम नागरिक हो रहे है परेशान, बल बढाने की मांग**

# भाटापारा में चारों तरफ धान लदे वाहनों का जमावड़ा ट्रेफिक ध्वस्त

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। प्रदेश की सबसे बडी कृषि उपज मंडी मे इन दिनो चारो तरफ से नये धान की बंपर आवक का सिलसिला अनवरत जारी है मंडी प्रांगण मे प्रतिदिन 35 से 40 हजार बोरा धान की आवक हो रहीं है।



सोमवार को उम्मीद से ज्यादा नये धान की आवक होने से शहर मे यातायात व्यवस्था पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया कृषि उपज मंडी गेट के सामने से लेकर चारो दिशाओ मे हर तरफ दो दो तीन तीन किलोमीटर धान लदी ट्रक, ट्रेक्टर ट्राली, माजदा, डीआई, पिकअप, मेटाडोर व छोटा हाथी वाहन सहित लगभग 500 चैपहिया वाहनो के शहर मे प्रवेश से जिधर देखो उधर खाली धान लदे हुये गाडी ही नजर आ रहा था फ लस्वरूप यहां वहां जहां तहां सभी ओर वाहनो का काफि ला दिखाई देने से आम रास्ता कहीं खाली दिख ही नहीं रहा था मंडी गेट नंबर एक से लेकर एकलव्य अकादमी तक तथा मुख्य मंडी गेट से हास्पिटल जाने वाले मार्ग मे कुर्मी बोर्डिंग तक मंडी गेट से वेयर हाउस होकर खप्पर बाबा जाने वाले मार्ग पर तथा कालेज गेट से खोलवा गांव तक मयूर स्कूल से सूरजपुरा गांव तक बस स्टैड चैक से ओव्हरब्रिज तक चारो तरफ केवल धान लदे वाहनो के विशाल मेला लगने से सभी प्रकार के दुपहिया चैपहिया यात्रियो बस यात्रियो एवं सामान्य रूप से आने जाने वाले सभी लोगो को मुसीबतो से दो चार होना पड़ रहा है बार बार के ध्यानाकर्षण के बावजूद जिला पुलिस प्रशासन द्वारा भाटापारा की बदहाल ट्रेफि क व्यवस्था को सुधारने के लिये ध्यान नहीं दिये जाने से नागरिको मे आक्रोश व्याप्त है। बताया जाता है कि मौजूदा मंडी प्रांगण आवक के हिसाब से छोटा पड़ रहा है फ लस्वरूप सैकडो की संख्या मे धान लदे वाहन कालेज रोड से खोलवा गांव तक की मुख्य सड़क पर आकर खडे हो रहे है जहां सैकड़ो की संख्या मे धान दलाल ब्रोकर्स केनवासिंग एजेंटस व पोहा एवं राईस मिल के कर्मचारी लोहेनुमा बंबू लेकर रास्ते मे ही ऐसे टूट पड रहे है कि पूरा रास्ता ही जाम हो रहा है इस प्रकार की स्थिति लगातार कालेज गेट से खोलवा गांव के मार्ग मे रोजाना अल सुबह 05 बजे से नौ बजे सुबह तक कायम रहने से राहगीरो को परेशानियो से जूझना पड़ रहा है ठीक इसी प्रकार की स्थिति मुख्य मंडी गेट से लिंक रोड वेयर हाउस से लेकर नारायण नवलधाम मंदिर तक कायम है जहां लोहे की बंबू पकड़कर बिचैलिये व मिल संचालक के मुंशी कर्मचारी धान का सैंपल देखने रोड पर ही खुलेआम तमाशा कर रहे है जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो रहा है।

**संपूर्ण यातायात अस्त व्यस्त हो गया**

*पूर्व के वर्षो मे धान व उन्हारी उपज लेकर आने वाले सभी वाहनो का पार्किंग सूमा देवरी के मैदान मे होता था लेकिन अब यह खेल तमाशा खुले आम शहर के सड़को पर होने से यातायात पूरी तरह बाधित हो रहा है उसमे से तुर्रा यह कि बस स्टैड चैक पर यातायात नियंत्रण के लिये पहले तीन से चार ट्रेफि क बल उपस्थित रहते थे लेकिन मौजूदा समय मे ट्रेफिक का कोई जवान वहां पर नहीं रहने से संपूर्ण यातायात अस्त व्यस्त हो गया है जनहित मे जिला पुलिस अधीक्षक स्वयं सुबह पांच बजे से नौ बजे के बीच भाटापारा के संपूर्ण क्षेत्र का अवलोकन करें ताकि यातायात व्यवस्था को सही दिशा प्राप्त हो सके।*

# संतोष साहू बनाये गये श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष



**भाटापारा।** श्रमजीवी पत्रकार संघ की स्थानीय इकाई का सर्व सम्मति से निर्वाचन किया गया उक्त निर्वाचन प्रदेशाध्यक्ष अरविंद अवस्थी एवं जिलाध्यक्ष रामाधार पटेल के मार्ग निर्देशन मे किया गया जिसमे संतोष साहू को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया वहीं नये कार्यकारिणी मे संरक्षक मंडल मे भूपेशधर दीवान, नरसिंह यादव, प्रशांत वर्मा, कोमल शर्मा व मुकेश शर्मा शामिल किये गये। संघ मे उपाध्यक्ष अमृलाल साहू व अजय यादव का चयन किया गया वहीं सचिव पद पर नदीम किंग खान चुने गये सह सचिव बजरंग ध्रुव व कार्यालय प्रभारी सरिता ध्रुव के अलावा प्रचार प्रसार प्रभारी राज गुप्ता व रवि साहू बनाये गये है। सदस्य मे तुलसी जायसवाल सहित अन्य लोगो के नाम शामिल है। संतोष साहू को अध्यक्ष बनाये जाने पर छत्तीसगढ क्रांतिरथ के संपादक नारायण भूषाणिया, उत्तम सोनी, दुर्गेश सेन, संजय साहू, पितांबर वर्मा, हेमंत साहू, मनोज पांडे, प्रशांतधर दीवान, तुषारधर दीवान, देव कौशल व अशोक साहू सहित अन्य लोगो ने बधाई प्रेषित की है।

# भाटापारा की सड़कों पर भारी वाहनों के पार्किंग से यातायात बाधित

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** इन दिनो शहर के विभिन्न हिस्सो मे सड़क के किनारे बडे वाहनो जिसमे ट्रक, हाईवा, मेटाडोर व माजदा सहित अन्य वाहन है उन्हे पार्किंग कर सड़क पर रखे जाने से यातायात मे अवरोध उत्पन्न हो रहा है वहीं लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है शहर के पुराना वेयर हाउस लिंक रोड से लेकर तरेंगा नाका होते हुये ग्राम तरेंगा तक सड़क के दोनो छोर पर सैकडो की संख्या मे वाहनो के खडे रहने से जहां मुख्य मार्ग पर आवाजाही प्रभावित हो रहा है वहीं सड़क संकीर्ण होने की वजह से लोग दुर्घटना के शिकार भी हो रहे है इसी प्रकार की स्थिति बब्बू होटल से लेकर ग्राम खोलवा तक बनी हुई है इस मार्ग पर बेमेतरा व नवागढ एवं पथरिया बिलासपुर की ओर जाने वाली तमाम बसों को सड़क पर ही खडी करके सवारी उतारने चढाने के कारण आये दिन सड़क जाम व दुर्घटना लगातार हो रहीं है कालेज गेट से लेकर खोलवा गांव के मोड़ तक अल सुबह से सैकड़ो की तादाद मे धान व उन्हारी बेचने आये किसानो के वाहन सड़क पर ही खडे किये जाने से यातायात बाधित हो रहा है



व लोग परेशान हो रहे है जबकि आम नागरिको ने पूर्व वर्ष की भांति धान व उन्हारी सामान से लदे तमाम छोटे बडे वाहनो को सूमा देवरी भांठा मे स्टापेज करने की मांग दोहराई है ताकि कालेज गेट से खोलवा मार्ग तक सैकडो की संख्या मे सड़क पर खडे हो रहे वाहन से बाधित यातायात सुचारू रूप से चल सके इस मार्ग पर सबसे बडी समस्या यह है कि अल सुबह से सैकड़ो की संख्या मे धान व उन्हारी लदे वाहन जहां खडे हो जाते है वहीं सड़क पर लगभग डेढ दो सौ धान बिचैलिये केनवासिंग एजेंट व मिल मुंशी अपनी अपनी दुपहिया मे सवार होकर सड़क पर ही दुपहिया को खडी करके धान लदी वाहनो मे सड़क पर ही बंबू मारकर इधर उधर धान को फै लाते हुये सड़क को बाधित कर रहे है वहीं सैकड़ो की संख्या मे झूंड लगाये बैठे धान दलाल के कारण इस मार्ग का संपूर्ण माहौल खराब हो रहा है यहां पर इधर से उधर लोहे की राडनुमा बंबू पकडकर धान बिचैलिये दौडते रहते है फ लस्वरूप सामान्य रूप से इस सड़क पर आवाजाही करने वालो को परेशानियो के अलावा दुर्घटना भय हमेशा बना रहता है इस दिशा मे सख्त कार्यवाही करते हुये धान से लदे तमाम वाहनो को देवरी गांव के समीप सूमा व देवरी भांठा मे रोका जाये साथ ही सभी प्रकार के धान दलाल बिचैलिये केनवासिंग एजेंट को भी सख्त निर्देश देते हुये उन्हे सड़क पर कारोबार करने से रोका जाये ताकि भाटापारा खोलवा बिलासपुर मार्ग निर्बाध गति से यातायात के लिये चालू रह सके। शहर के एक अन्य महत्वपूर्ण मार्ग रेल्वे ओव्हरब्रिज से तहसील चैक तक भी सड़क के दोनो छोर पर भारी वाहनो का पार्किंग प्रतिबंधित किया जाये साथ हीं ओव्हर ब्रिज के ढलान जो कि तहसील चैक की ओर जाता है वहां पर ट्रक मरम्मत करने वाले तथा ट्रको का गुल्ला बनाने वालो का व्यवसाय बीच सड़क तक फै लाकर किया जा रहा है इस पर भी प्रशासन को सख्त कार्यवाही करते हुये सड़क को केवल यातायात के लिये सुलभ कराने की मांग लोगो ने की है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा डीबी कार्प लिमिटेड प्लाट नंबर-40/44 इंडस्ट्रीयल एरिया बीरगांव उरला रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.com